एकस्यैवममांशस्यजीवस्यैवमहामते बंधोऽस्याविद्ययाऽनादिर्विद्ययाचत थेतरः॥४॥ अथबद्धस्यमुक्तस्यवैलक्षण्यंवदामिते विरुद्धधर्मिणोस्तातस्थि तयोरेकधर्मिणि ॥ ५ ॥ सुपर्णावेतौसदृशौसखायौयदृच्छयैतौकृतनीडौ चवृक्षे एकस्तयोःखादतिपिप्पलान्नमन्योनिरन्नोपिबलेनभूयान् ॥ ६ ॥ आत्मानमन्यंचसवेदविद्वानपिप्पलादोनतुपिप्पलादः योऽविद्ययायुक् सतुनित्यबद्धोविद्यामयोयःसतुनित्यमुक्तः ॥ ७ ॥ देहस्थोपिनदेहस्थोवि द्वान्स्वप्नाद्यथोत्थितः अदेहस्थोपिदेहस्थःकुमतिःस्वप्नदृग्यथा ॥ ८ ॥

स्वरूपको जानताहै जीवके स्वरूपकोंबी जानताहै अर जोजीवात्माहै सो न आपकों जानताहै न ईश्वर कों जानताहैतिसतें जो अविद्यासें मिलाहै सो नित्य बद्धहै जो विद्यासें संयुक्तहै सो नित्यमुक्तहै ॥ ७॥ ज्ञानकी विलक्षणता कहते स्थितिकी विलक्षणता कहतेहै जो पंडितहै अपने स्वरूप अर परमात्माकों जानतेहैं सो जद्यपि देहहीमैंहै परदेहसें न्याराहै देहके धर्म उसको व्याप्त नही स्वपनते उठ्या होइ तिसको स्वप्नका देहके धर्मनलगे और जो अज्ञानीहै सो यद्यपि वस्तु सें देहसें न्यारा इहै परदेहके अभिमान करदेहमैं स्थितहै सुखदुःखका भोग करतहैं जैसें स्वप्नके देहमैं स्थित स्वप्नके सुखदुःख भोगतेहै ॥ ८ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

औरवी विलक्षणता कहतेहै इंद्रिय अपनें विषयांकों ग्रहण करतेहैं आत्माकों कुछ संबंध नही विषयों सें जो इतनाजाने सो यह मैंने किया यह मैं लेताहुं ऐसा अभिमान न करें जिसतें गुण अपने गुणमैं प्रवृत्त होतेहै आत्मा निर्विकारहैं ॥ ९ ॥ यह देह पूर्वकर्मके आधिन हैं तिसदेहमें स्थित इंद्रिय अपने विषयों प्रवृत्तहोतेहै तहांमै कर्ताहों इस अभिमान कर यह आत्मा बांधनेमैं आवताहैं यह अज्ञहैं ॥ १० ॥ शयन आसन गमन स्नान दर्शन स्पर्श आघ्राण भोजन श्रवण यह सब इंद्रियोंके धर्महै मेरेकों धर्मनही वृथा अभिमान कर बधेहै ऐसेवैराग्य अर विवेक जिसके होइ सो बद्धनहोइ जिसतें इंद्रियांकों विषय भोग करातेहै आपनही

इंद्रियैरिंद्रियार्थेषुगुणैरपिगुणेषुच गृह्यमाणेष्वहंकुर्यान्नविद्वान्यस्त्वऽविक्रियः९ दैवाधीनेशरीरेस्मिन्गुणभाव्येनकर्मणा वर्तमानोऽबुधस्तत्रकर्तास्मीतिनिबध्यते ॥ १० ॥ एवंविरक्तःशयनआसनाटनमज्जने दर्शनस्पर्शनघ्राणभोजनश्रवणादिषु ॥ ११ ॥ नतथाबध्यतेविद्वांस्तत्रतत्राऽऽदयन्गुणान् प्रकृतिस्थोप्यसंसक्तोयथाखंसवितानिलः ॥ १२ ॥ वैशारद्येक्षयासंगशितयाच्छिन्नसंशयः प्रतिबुद्धइवस्वप्नान्नानात्वाद्विनिवर्तते ॥ १३ यस्यस्युर्वीतसंकल्पाः प्राणेंद्रियमनोधियां वृत्तयःसविनिर्मुक्तोदेहस्थोपिहितद्गुणैः ॥ १४ ॥

करते इसतें तैसें बंध न पावे ॥ ११ ॥ तहां दृष्टांत बतातेहैं जैसें आकाश सर्वत्र व्यातहै परंतु सबसें निर्लेपहै जैसें सूर्य जलादिकों मैं प्रतिबिंबितहैं तदवी कंप रूप जल के धर्मोसें न्याराहै जैसें वायु सर्वत्र फिरताहै परंतु निर्लेपहै तैसें आत्मा इसदेहमैं स्थितहै इंद्रियोंके स्वभावकर तिन तिन विषयांकों ग्रहण करते वी उनसें भिन्नहैं ॥ १२ ॥ वैराग्यके तीक्षण निर्मल ज्ञान कर सकल संशय का नानाविध इस प्रपंचतें निवर्तहोइ जैसें स्वप्नतें जाग स्वप्नके धर्मोसें निवृत्त होतेहैं ॥ १३ ॥ जिसके प्राण इंद्रिय मन बुद्धिकी वृत्ति संकल्प रहित होतिहैं सो देहमैं स्थित है तदवीदेहके धर्मोसें मुक्तहैं ॥ १४ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

जिसका देह स्वेच्छा कर दुर्जन कर पीडित होइ अथवा किसीकर पूजित होइतो न उसकों तहां दुख होइ न कही सुख होइ विकार कुच्छ न उपजे सो ज्ञान वान कहिये ॥ १५ ॥ जो कोइ भला करो अथवा बुराकरो अथवा कहो न आप स्तुति करें न निंदाकरें लौकिक व्यवहारते न्यारे रहना सम दृष्टि होइ रहें तव वह मुनि मुक्तहैं ॥ १६ ॥ कर्मोंमें उदासीन रहें न कुछ करें न कुछ विचारें भला वुरा मनमैं न धारें एक आत्माहीसें रमताहैं इस वृत्ति कर जडोंको न्याई मुनि फिरते रहें ॥ १७ ॥ ब्रह्म निष्ठा ज्ञानीके साधन कहें अब कहतेहैं शब्द ब्रह्म वेदके

यस्यात्माहिंस्यतेहिंस्त्रैर्येनकिंचिद्यदृच्छया अर्च्यतेवाक्वचित्तत्रनव्यतिक्रियतेवुधः॥ १५ नस्तुवीतननिंदेतकुर्वतःसाध्वसाधुवा वदतोगुणदोषाभ्यांवर्जितःसमदृङ्मुनिः १६॥ नकुर्यान्नवदेत्किंचिन्नध्यायेत्साध्वसाधुवा आत्मारामोनयावृत्त्याविचरेज्जडवन्मुनिः ॥ १७ ॥ शब्दब्रह्मणिनिष्णातोननिष्णायात्परेयदि श्रमस्तस्यश्रमफलोह्यधेनुमिवरक्षतः ॥ १८ ॥ गांदुग्धदोहामसतींचभार्यांदेहंपराधीनमसत्प्रजांच वित्तंत्वतीर्थीकृतमंगवाचंहीनांमयारक्षतिदुःखदुःखी ॥ १९ ॥

पारंगतहैं परंतु पर ब्रह्मकों ज्ञान नही तिस धर्म मैं प्रवृत्त नही होताहैं तो वह वृथा श्रम हैं जैसें वहुत वार सूये पीछे सूकगई गाय होय तिसके रखनेकों श्रमही फलहै ॥ १८ ॥ औरबी कहतेहैं हे उद्धव जिसकों दूध दुहा होइ एसीगौ दुष्टस्त्री पराधीन यह देह और दुष्ट संगति कर पात्र विषें न दिया धन और मेरे नाम कर हीन वचन इतनी वातें जो राखे सोसदा दुःखी रहते हैं आगे द्वंद दुःख पावें ॥ १९ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

जिसवाणीमें मेरा नाम न होइ तेसीवात नकहें तिसकों विशेष कहतेहैं इस विश्वकी मर जादा जन्मपालन नाश रूप पावन मेरे ऊंर लीला वतारों विषें जगत का प्रिय श्रीरामकृष्णा दिक जन्म एजिसवाणी विषें नहोइ तो उस वाणीकों बुद्धिमान न राखे ॥ २० ॥ इस प्र कार ज्ञान मार्ग कह समाप्त करतेहैं इस प्रकार निश्चे कर आत्मा विषें नाना प्रकारका भ्रम दूरकर विचारसें निरमल मन अंतरयामीमें विषें स्थिर कर निवृत्त होइ ॥ २१ ॥ जो मेरे विषें मन निश्चल कर धरनेकों समर्थ नहोइ तो सब कर्म मेरे विषें अर्पन करे निरपेक्षहो इ कर्म करे ॥ २२ ॥ ज्ञान मार्ग कठिनहै भक्ति मार्गही कर कृतार्थ होईगा यह कहतेहैं प्रथ म तो श्रद्धा संयुक्त होइ पीच्छे अति सुंदर लोकोंकों पवित्र करणकों समर्थ जो मेरी कथा तिनको

यस्यांनमेपावनमंगकर्मस्थित्युद्भवप्राणनिरोधमस्य लीलावतारेप्सितज
न्मवास्याद्वंध्यांगिरंतांबिभृयान्नधीरः २० ॥ एवंजिज्ञासयाऽपोह्यनाना
त्वभ्रममात्मनि उपारमेतविरजंमनोमय्यर्प्यसर्वगे ॥ २१ ॥ यद्यनीशो
धारयितुंमनोब्रह्मणिनिश्चलं मयिसर्वाणिकर्माणिनिरपेक्षःसमाचर २२
श्रद्धालुर्मेकथाःशृण्वन्सुभद्रालोकपावनीः गायन्ननुस्मरन्कर्मजन्मचाभिन
यन्मुहुः २३ ॥ मदर्थेधर्मकामार्थानाचरन्मदपाश्रयः लभतेनिश्चलांभ
क्तिंमय्युद्धवसनातने ॥ २४ ॥ सत्संगलब्धयाभक्त्यामयिमांसउपासिता
सवैमेदर्शितंसद्भिरंजसाविन्दतेपदम् ॥२५॥उद्धवउवाच साधुस्तेउत्तमश्लो
कमतःकीदृग्विधःप्रभो भक्तिस्त्वय्युपयुज्येतकीदृशीसद्भिरादृता ॥ २६ ॥

सुनें मेरे जन्म कर्म गावें स्मरन करें वारंवार ऐसो लीला करे ॥ २३ ॥ धर्म अर्थ काममेरे निमित्तही करे विषय भोगार्थ नकरे मेराही आश्रय कर हे उद्धव तव सनातन स्वरूप मेरे विषें निश्चल भक्तिकों पावे ॥ २४ ॥ ऐसें सतसंगकर पाइ जो भक्ति तिस भक्ति कर मेरेको सेवे सो मेरे स्थानकों निश्चे कर पावे यह मेरे पानेका स्थान साधुयोंने दिखायाहै ॥ २५ ॥ इहां उद्धव जी साधन के अरु भक्तिके लक्षण पूच्छतेहैं उत्तम श्लोक हे प्रभो साधु कैसे होइ उसके चिन्ह कैसे ऊंर उसकी करी भक्ति कैसी होइ जिस भक्ति कों तुम मानों ऊंर साधु आदर करें ॥ २६ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

हे पुरुषके नियंता हे लोकों के नियंता हेजगतपते मैं तुमारे विषै प्रणतहों अनुरक्तहों शरण आयाहूं तिसतें यह मेरेसें कहो ॥ २७ ॥ हेभगवान तुम साक्षात पर ब्रह्म प्रगट भयेहो प्रकृतिसंभी परेहो आकाशकी न्याइ निर्लेपहो भक्तों की इच्छा कर रूप धारतेहो ॥ २८ ॥ श्रीकृष्ण तहां प्रथम साधु के तीस लक्षण कहतेहैं पांच श्लोकों कर पराया दुख न देखसके और किसीके साथ द्रोहनकरें और क्षमा वंत होइ सम दृष्टिहोइ सत्यही जिनकों बल्हहोइ निंदा आदि दोष रहित होइ सम दृष्टिहोइ सुख दुखमें समहोइ यथाशक्ति सबकों उपकार करें संपूर्ण प्रानियोंका अप राध सहारे ॥ २९ ॥ काम कर बुद्धि चंचल नहोइ बाहिरके इंद्रिय जीते होइ कोमल चित्त होइ सदा चार निष्पृहोइ परि ग्रह न होइ व्यर्थ कार्य न करे भोजन अल्प करें शांतहोइ स्वधर्ममें स्थिरहोइ मेरा एक आश्रय करे स्मरण करें ॥ ३० ॥ सावधान रहे निर्विकार रहें धीर्ज वंत

एतन्मेपुरुषाध्यक्षलोकाध्यक्षजगत्प्रभो प्रणतायानुरक्तायप्रपन्नायचकथ्यतां ॥ २७ ॥ त्वंब्रह्मपरमंव्योमपुरुषःप्रकृतेःपरः अवतीर्णोसिभगवन्स्वेच्छोपात्तपृथग्वपुः ॥ २८ ॥ श्रीभगवानुवाच कृपालुरकृतद्रोहस्तितिक्षुःसर्वदेहिनां सत्यसारोनवद्यात्मासमःसर्वोपकारकः ॥ २९ ॥ कामैरहतधीर्दांतोमृदुःशुचिरकिंचनः अनीहोमितभुक्शांतःस्थिरोमच्छरणोमुनिः ३० अप्रमत्तोगभीरात्माधृतिमाञ्जितषड्गुणः अमानीमानदःकल्पोमैत्रःकारुणिकःकविः ॥ ३१ ॥ आज्ञायैवंगुणान्दोषान्मयादिष्टानपिस्वकान् धर्मान्संत्यज्ययःसर्वान्मांभजेतससत्तमः ॥ ३२ ॥

होइ क्षुधा प्यास शोकमोह जरा मृत्यु एसब जीते होये अभिमान नहोइ अगलेकों मानदेइ और औरके प्रबोधकों समर्थ होइ मित्र होइ सबका भला चाहे दया वंतहोइ पूर्ण ज्ञान वान होइ इतने धर्मोंसें संयुक्त होइ ३१ तब सब गुणदोष जान मेरे बताये आपने जो धर्महैं तिनका त्यागकर मेरा भजन करें तहां पूछतेहैं अज्ञानतें अथवा नास्तिक तिसतें धर्म छोडें तहा कहते हैं जो नही करनेसें चित्त शुद्ध आदि गुणहोतेहै और विना किये दोषहोतेहै यह जानकर ईश्वर के ध्यानमें या विक्षेप कर्ताहै अर श्रीहरिकी भक्तिही कर सबसिद्ध होइगे यह दृढ निश्चे कर धर्म छोड अथवा भक्ति दृढ भये धर्मका अधिकार निवर्त होताहै तिसतें धर्म छोडे अथवा विद्धा एकादशीका उपवास कृष्णा एकादशी का अनुपवास अप्रसादी अन्न कर श्राद्ध इत्यादिक भक्ति विरुद्ध जो धर्म तिनकों छोडे सो परम साधु उत्तम कहिये ॥ ३२ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

मैं जैसाहां जैसे मेरे चरित्रहैं तैसें मेरेकों जाने अथवा अनजान वी जो कोइ अनन्य भावकर मेरेकों भजे सो मेरे परम भक्तकहेहैं ॥ ३३ ॥ साधुयों के लक्षण कह कर भक्तिके लक्षण कहते हैं मेरे चिन्ह प्रतिमालै अनेक प्रकारके है सो सो और सव मेरेभक्त जन तिनका दर्शन सपर्श पूजा सेवा स्तुति प्रणाम गुण कर्म्म कीर्तन ॥ ३४ ॥ हे उद्धव मेरी कथा श्रवणमें श्रद्धा होइ मेराध्यान करें और जो कुछ पामें सो सव मेरेविषें समरपन करें दास्यभाव कर आत्मा निवेदन करें ॥ ३५ ॥ मेरेजन्म कर्म गावे मेरेजन्माष्टमी आदि पर्वों विषें फल नैवेद्य आदि कर

ज्ञात्वाज्ञात्वाथवैयोमांयावान्यश्चास्मियादृशः भजंत्यनन्यभावेनतेमेभक्ततमामताः ॥३३॥ मल्लिंगमद्भक्तजनदर्शनस्पर्शनार्चनं परिचर्यास्तुतिप्रह्वगुणकर्मानुकीर्तनं ॥ ३४ ॥ मत्कथाश्रवणेश्रद्धामदनुध्यानमेवच सर्वलाभोपहरणंदास्येनात्मनिवेदनं ॥ ३५ ॥ मज्जन्मकर्मकथनंममपर्वानुमोदनं गीतताण्डववादित्रगोष्ठीभिर्मद्गृहोत्सवं ॥ ३६ ॥ यात्रावलिविधानंचसर्ववार्षिकपर्वसु वैदिकीतांत्रिकीदीक्षामदीयव्रतधारणं ॥ ३७ ॥ ममार्चास्थापनेश्रद्धा स्वतःसंभूयचोद्यमः उद्यानोपवनाक्रीडपुरमंदिरकर्मणि ॥ ३८ ॥ संमार्जनोपलेपाभ्यांसेकमंडलवर्तनैः गृहशुश्रूषणंमह्यंदासवद्यदमायया ॥ ३९ ॥

पूजे गीत नृत्य वादित्र गोष्ठी कर मेरेमंदिर में उत्सवकरें ॥ ३६ ॥ मेरेनिमित्त यात्राकरे पुष्पादि कों कर पूजा करें भेटा अरपन करें वरस वरस प्रति उत्सवकरें वैदिक तांत्रिक दीक्षाले मेरे व्रत करें ॥ ३७ ॥ मेरी प्रतिमामें श्रद्धाराखे आपतें अथवा औरसे मिलकेमेरे निमित्त फूलों का वाग मंदिर क्रीडा स्थल नगर इनके करने विषें उद्यम करें ॥ ३८ ॥ मेरे मंदिरोमें वहारी फेरनी लिंबना छनका चौक पूरे मेरे ग्रहकी सेवा करें दासकी न्याइ निष्कपट सेवा करें ३९ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

आप अभि मान न करें दंभ नकरें जो कर्मकरें सो कहेंनही नैवेद्यादिक वस्तु सो ग्रहन न करें यह साधारण स्थिर प्रतिमा विषयहै अथवा जो जिव्हाकी रुची कर खाइ तिसका निशेधहै भक्ति कर लेइं और ग्रंथोंमैं कहाहै छेमासके उपवासों कर जो फल सो कल जुगमें विष्णुके नैवेद्यके शेष कर पुण्यहोइ जिनके हृदयमें हरिका रुपहोइ मुखमें हरिनामहोइ उदरमैं हरिकानैवेद्य होइ मस्तकमैं प्रसाद पुष्पादिक होइ सोहरि रूपहै अथवा और देवताकी समरपी वस्तु मेरेकों न समरपे यह अर्थ और ग्रंथोंमैंहैं विष्णुके अन्न कर और देवतयोंकी पूजाकरें नैवेद्य पितरांको दयें अनंत पुण्यहोइ पितरोंका शेषजो हरिकों दयें तो उनके पितर क्लेशपावें दीपपर्यंत मेरे मंदिरमें निवेदन किया होइ तिसके प्रकाशसें कार्य्य न करें ॥ ४० ॥ जोवस्तु इसलोकमैं आपकों

अमानित्वमदंभित्वंकृतस्यापरिकीर्तनं अपिदीपावलोकंमेनोपयुंज्यान्निवेदितं ॥ ४० ॥ यद्यदिष्टतमंलोके यच्चापिप्रियमात्मनः तत्तन्निवेदयेन्मह्यं तदानन्त्यायकल्पते ॥ ४१ ॥ सूर्योग्निर्ब्राह्मणोगावोवैष्णवःखंमरुज्जलं भूरात्मासर्वभूतानिभद्रपूजापदानिमे ॥ ४२ ॥ सूर्येतुविद्ययात्रय्याहविष्याग्नौयजेतमां आतिथ्येनतुविप्राग्र्यगोष्वंगयवसादिना ॥ ४३ ॥ वैष्णवेबंधुसत्कृत्याहृदिखेध्याननिष्ठया वायौमुख्यधियातोयेद्रव्यैस्तोयपुरस्कृतैः ४४ स्थंडलेमंत्रहृदयैर्भोगैरात्मानमात्मनि क्षेत्रज्ञंसर्वभूतेषुसमत्वेनयजेतमां ४५

अति प्रियहोइ निषिद्ध नहोइ सो मेरेकों समरपन करें तोवहवस्तु अनंत फलकों करे ॥ ४१ ॥ हे उद्धव सूर्य्य अग्नि ब्राह्मण गौ वैष्णव आकाश वायुजल भूमि आत्मा सव भूत मात्र ये मेरी पूजाके स्थलहैं ॥४२॥ तहां जिसकी पूजाजैसी करनीहैं सोकहतेहै वेदोक्त विद्याकर सूर्य्यमें मेरी पूजाकरें अग्निमैं घृत होम कर मेरेकों पूजें ब्राह्मणमैं अतिथ्य कर पूजे गौओमैं तृणादिक कर सेवाकरें ॥ ४३ ॥ वैष्णवमैं अपने वंधुकी न्याइ आदर कर पूजा करे हृदय आकाशमें ध्यान कर पूजे वायुमैं प्राण बुद्धि कर पूजें जलमैं तर्पणादि द्रव्य कर पूजें ॥ ४४ ॥ भूमिमैं गोप्य मंत्र न्यासकर मेरी पूजा करें और आपमैं आत्माकी पूजा भोग कर करें जो भोगकरें सो सव आत्माकों समर्पण करें संपूर्ण प्राणी मात्रमें सम दृष्टि कर मेरी पूजा करें मैं अंतर जामीहां ४५ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

एकाग्र मन भया इतने स्थलोंमैं ऐसें शंख चक्र गदा पद्म धारें चतुर्भुज शांत रूपका ध्यान करते मेरी पूजा करें ॥ ४६ ॥ जो निश्चल मन होइ कर जज्ञ वापी कूप तडाग इन कर मेरी पूजा करे इस प्रकार सो मेरे विषें उत्तम भक्ति पावे साधुयांकी सेवाकर मेरा स्मरन होई ॥ ४७ ॥ इस प्रकार ज्ञान मार्ग और भक्ति मार्ग कह विशेषतें भक्ति मार्गकों श्रेष्ठ कहतेहैं हे उद्धव प्रथम सत्संग होइ तिसतें भक्ति होइ संसार तरणकों इसते और

धिष्ण्येष्वित्यतिमद्रूपंशंखचक्रगदांबुजैः युक्तंचतुर्भुजंशांतंध्यायन्नर्चेत्समाहितः ॥ ४६ ॥ इष्टापूर्तेनमामेवंयोयजेतसमाहितः लभतेमयिमद्भक्तिंमत्स्मृतिःसाधुसेवया ॥ ४७ ॥ प्रायेणभक्तियोगेनसत्संगेनविनोद्धव नोपायोविद्यतेसम्यक् प्रायणंहिसतामहं ॥ ४८ ॥ अथैतत्परमंगुह्यंशृण्वतोयदुनंदन सुगोप्यमपिवक्ष्यामित्वंमेभृत्यःसुहृत्सखा ॥ ४९ ॥ इति श्रीभागवत एकादशस्कंध एकादशोध्यायः ॥ ११ ॥ ॐ ॐ ॐ

ॐ ॐ ॐ ॐ ॐ ॐ

उपाय उत्तम नही जिसतें साधुयों कों एक मैंही आश्रय हों तिसतें सतसंग अति उत्तमहैं ॥ ४८ ॥ हे उद्धव तुम मेरेसेवकहो भली प्रकार सुहृदहो सखाहो तिसतें मैंतुमसें कहताहों यह जो भक्ति योगहै सो तुमोर सुनतेयांमे कहांगा ॥ ४९ ॥ एह श्रीभागवतमैं भाषाटीकामैं एकादश स्कंधमैं जारमां अध्याय समाप्त भया ॥ ११ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

वारमें अध्यायमें पहिले सत संगकी महिमा कहीहै और कर्मोंका करना कहाहैं तिसतें आगे तिनके त्यागकी अवस्था कहीहैं भगवान यह वर्णन करतेहैं हेउद्धव जोग अर तत्व का विवेक और अहिंसादि धर्म अध्ययन तप त्याग अग्नि होत्रादिक बापी कूप तडाग दक्षिणा ॥ १ ॥ व्रत यज्ञ वेद तीर्थ नियम संयम ये सब मेरेकों बस न कर सकें जैसें सत संग मेरेकों बस करे सत्संग और दुःसंग सब छुडावे ॥ २ ॥ निश्चेकर दैत्य राक्षस पक्षी मृग गंधर्व अप्सरा नाग

श्रीभगवानुवाच नरोधयतिमायोगोनसांख्यंधर्मउद्धव नस्वाध्यायस्तपस्त्यागोनेष्टापूर्तनदक्षिणा ॥ १ ॥ व्रतानियज्ञश्छंदांसितीर्थानिनियमायमाः यथावरुंधेसत्संगःसर्वसंगापहोहिमां ॥ २ ॥ सत्संगेनहिदैतेयायातुधानामृगाःखगाः गंधर्वाप्सरसोनागाःसिद्धाश्चारणगुह्यकाः॥३ ॥ विद्याधरामनुष्येषु वैश्याःशूद्राःस्त्रियोंन्त्यजाः रजस्तमःप्रकृतयस्तस्मिंस्तस्मिन्युगेनघ ॥ ४ ॥ वहवोमत्पदंप्राप्तास्त्वाष्ट्रकायाधवादयः वृषपर्वावलिर्बाणोमयश्चाथविभीषणः ॥ ५ ॥ सुग्रीवोहनुमानृक्षोगजोगृध्रोवणिक्पथः व्याधःकुब्जाव्रजेगोप्योयज्ञपन्त्यस्तथापरे ॥ ६ ॥

सिद्ध चारण गुह्यक विद्याधर मनुष्योंमैं वैश्य शूद्र स्त्रियां ये सब नीच जात राजस तामस स्वभावहै ऐसैंही तिन तिन युगोंमैं मेरेकों प्राप्त भये ॥ ४ ॥ और वहुते वृत्रासुर प्रल्हाद वृषपर्वा बलि वाणासुर मय विभीषण ॥ ५ ॥ सूग्रीव हनुमान जांववान गजेंद्र जटायु तुलाधार व्याध कुबिजा गोपियां ये सब व्रज विषें यज्ञ पतनियां ऐसें और मेरेकों प्राप्त भये ॥ ६ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

वेदार्थ न पढा महत्पुरुषकी उपासना नकरी व्रतदान तपकुछनकरें एकमेरेसंगसेमेरेकों प्राप्तभये ७
गोपियां गौयां यमलार्जनादि अथवा तरुगुल्मादि मृग ये और मूढहै बुद्धि जिनकी ऐसे कालसें
लेके नागसिद्ध सो अनायास मेरेकों प्राप्त होते भये ॥८॥ सांख्ययोग दानव्रत तप यज्ञ व्याख्यान
अध्ययनसंन्यास इतनें यतनोंकर्के वी जो मेरेकोंनपावे तिसकों एक भावमात्रकर पावतेभये ॥९॥
अवमुख्य उत्तमभाव गोपियोंका कहतेहैं तिसतें प्रथम गोपियोंके भावकी स्तुति करतेहैं हेउद्धव
जब अक्रूर आइके बलदेव जी सहित हमकों मथुरालेगये तब दृढ प्रीति करचित्त जिनकेमेरें

तेनाधीतश्रुतिगणानोपासितमहत्तमाः अव्रतातप्ततपसोमत्संगान्मामुपा
गताः ॥ ७॥ केवलेनहिभावेनगोप्योगावोनगामृगाःयेन्येमूढधियोनागाः
सिद्धामामीयुरंजसा ॥८॥ यंनयोगेनसांख्येनदानव्रततपोध्वरैः व्याख्या
स्वाध्यायसंन्यासैः प्राप्नुयाद्यत्नवानपि ॥ ९ ॥ रामेणसार्द्धंमथुरांप्रणीते
श्वाफल्किनामय्यनुरक्तचित्ताःविगाढभावेननमेवियोगतीव्राधयोन्यंददृशुः
सखायं ॥ १० ॥ तास्ताःक्षपाःप्रेष्ठतमेननीतामयैववृंदावनगोचरेणक्ष
णार्द्धवत्ताः पुनरंगतासांहीनामयाकल्पसमावभूवुः ॥ ११ ॥ तानाविदन्म
य्यनुषंगबद्धधियःस्वमात्मानमदस्तथेदं यथासमाधौमुनयोब्धितोयेनद्यः
प्रविष्टाइवनामरूपे ॥ १२ ॥

विषें आसक्तभये अर वियोग करदुःसहचित्त जिनके ऐसियांगोपियां सुखके अर्थ मेरेंसे और
कोंन देखतियांभेयां ॥ १० ॥ हेउद्धव वृंदावनमें फिरते उनका अति प्रिय जो मेंहों तिसके सं
ग जो जो रात्रि एकक्षण जिनकों भई सो सो रात्रि मेरे विना तिनगोपियांकों कल्पमान भेयां
११ मेरे विषें आसक्त कर मेरेसें बुद्धिबांधी एक बुद्धिके बांधेसें सब इंद्रिय मेरे स्वरूपमें लीन
भये तब वह गोपियां आत्माकों इसलोक किसीकों न जानतियां जैसें समाधिमें नामरूपके
न जाने जैसें नदियां समुद्रमें मिलकें लीनहोइ तैसें मेरे स्वरूपमें लीनभेयां ॥ १२ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

यद्यपि एमेरे स्वरूपकों वह्म कर जाने नही तदवी मेरी कामना कर अपने प्रिय जार मेरेकों जान लाखों हजारांमेरे संगकर साक्षात व्रह्मकों प्राप्त भैयां ॥ १३ ॥ हेउद्धवमेरे भजनका ऐसाप्रभावहे जो जार वुद्धि कर भजतियां मेरेकों प्राप्त भैयां तिसतें तुम श्रुतिस्मृतिके विधि निषेध छोड प्रवृत्ति धर्म छोड जो ए धर्मसुनेहैं तिनकोवी छोड १४ संपूर्ण देह धारियोंका आत्मा मैंहीं तिसतें सवनामें मेरा भाव राख मेरी एक शरणकों प्राप्तहोइ तव तुम निर्भय होगे १५ ॥ उद्धवपूछतेहैं योगेश्वरोंके ईश्वर तुमारी वात सुनते आत्मा विषेंमेरा संदेह निवर्त्त होइ नहीं तिसतें मन भ्रमताहैं प्रथम तुमने कहा मेरे कहे धर्म करते मेरा भजन करें अव कहतेहो सव धर्म छोड मेरी शरण आओ तहा अव क्याकरें स्वधर्म करते भजन करें अथवा त्याग कर भजन करें यह भ्रम तुम दूर करो तव श्रीकृष्ण उत्तर देतेहैं ॥ १६ ॥ प्रथम यह जीव ईश्वरहैं व्रह्महैं सो अविद्याकेसंग कर अपना धर्म भूल गयायैं अविद्याके धर्महीकों अपने धर्म समझ अहं कर्ता इस अ

मत्कामारमणंजारमस्वरूपविदोवलाः व्रह्ममापरमंप्रापुःसंगाच्छतसहस्रशः ॥ १३ ॥ तस्मात्त्वमुद्धवोत्सृज्यचोदनांप्रतिचोदनां प्रवृत्तिंचनिवृत्तिंच श्रोतव्यंश्रुतमेवच ॥ १४ ॥ मामेकमेवशरणमात्मानंसर्वदेहिनां याहिसर्वात्मभावेनमयास्याह्यकुतोभयः ॥ १५ ॥ उद्धवउवाच संशयःशृण्वतोवाचंतवयोगेश्वरेश्वर ननिवर्ततआत्मस्थोयेनभ्राम्यतिमेमनः ॥ १६ ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ सएषजीवोविवरप्रसूतिःप्राणेनघोषेणगुहांप्रविष्टःमनोमयंसूक्ष्ममुपेत्यरूपंमात्रास्वरोवर्णइतिस्थविष्ठः ॥ १७ ॥

भि मान कर वंधेहैं जव अविद्याके धर्म दूर होइ तव चित्त शुद्ध होइ तिसके निमित्त निष्काम कर्म करणा कहा जव चित्त शुद्ध होइ तव कर्मोंका त्यागकहा उसकों विवेक भया विवेक कर सर्वत्र वह मेरा रूप जानतेहैं अव कर्मका अधि कार गया ज्ञानका अधिकार भया तिसतें सव कर्म त्यागकर मेरी शरण आओ यह उप देश देतेभये तहां ईश्वरतें वाणी इंद्रिय द्वारा जीवके संसारकों कारण भूत प्रपंचकी उत्पति कहतेहैं साडे चार श्लोकोंकर सो ईश्वर आधारादि चक्रनमें प्रगट होतेहैं तिस प्रगट ताकों कहतेहैं सो ईश्वर नाद वंत पर ऐसाहै नाम जिसका ऐसें प्राण सहित आधार चक्रमें प्रविष्ठ होइकर मनो मय सूक्ष्म रूप उौर मध्यमा नाम माणि पूरक उौर विशुद्ध चक्र विषें आइ कर मुखमैही ह्रस्वादिक मात्रा उदात्ता दिक स्वर अकारादिक अक्षररूप वैखरी नाम अतिस्थुल नाना विध रूप होतेहैं ॥ १७ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

तहां दृष्टांत कहतेहैं जैसें आकाश में गरमी रूप अगनि अप्रगट है वलकर काष्ठ में मथेसें वायुकी सहाय कर पहिले सूक्ष्म रूप निकलतिहैं पीच्छे हविष कर वढेहैं तैसें यहवाणी मेरे प्रगट होनेका स्थानहैं ॥ १८ ॥ ऐसें वचन हाथोंकी क्रिया चरणोंका धर्म गमन और गुह्येंद्रियका धर्म आघ्राण रस दर्शन श्रवण एसव ज्ञानेंद्रियके धर्म संकल्प मनको धर्म विज्ञान और बुद्धि चितका धर्म अभिमान अहंकारका धर्म सूत्र माया का धर्म सत्व रजतम इन तीन गुणोंका विकार अधि दैव अध्यात्म अधि भूत ये सबमेरे प्रगट होनेका

यथानलःखेनिलवंधुरूष्मावलेनदारुण्यधिमथ्यमानः अणुःप्रजातोहविषासमिध्यते तथैवमेव्यक्तिरियंहिवाणी ॥ १८ ॥ एवंगदिःकर्मगतिर्विसर्गोघ्राणोरसोदृक्स्पर्शःश्रुतिश्च संकल्पविज्ञानमथाभिमानः सूत्रंरजःसत्वतमोविकारः ॥ १९ ॥ अहंहिर्जावस्त्रिवृदब्जयोनिरव्यक्तएकोवयसासआद्यः विश्लिष्टशक्तिर्वहुधेवभातिवीजानियोनिंप्रतिपद्ययद्वत् ॥ २० ॥ यस्मिन्निदंप्रोतमशेषमोतंपटोयथातंतुवितानसंस्थः यएषसंसारतरुःपुराणःकर्मात्मकःपुष्पफलेप्रसूते ॥ २१ ॥

स्थानहैं ॥ १९ ॥ यह आत्मा ब्रह्मई एकईहै आदि प्रगटईहैं काल कर न्यारी करी वाणी रूप इंद्रियकी शक्ति इसकी अनेक भांति प्रकाशतिहैं जिसतें आदिहैं तीन गुणका आश्रयहैं सृष्टि कमल को करण भूतहैं जैसें वीज खेतको पाइ अनेक भांति प्रकाशताहै ॥ २० ॥ तहां दृष्टांत कहतेहैं तंतुके विस्तारमें जिसकी स्थितिहैं ऐसा पटजैसें तंतुयोंमें ओत प्रोतहैं जैसें जिसमैं यह सब विश्व ओत प्रोतहैं अविद्या कर आत्मामें इसका अध्यास कियाहै जो यह संसार रूपी वृक्ष प्रवृत्त स्वभावहैं भोग मुक्ति को उपजातेहैं ॥ २१ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

दोई पुण्य पाप इसके बीजहैं अनेक प्रकारकी वासना इसकी जलतिहैं तीनो गुण इसकी ना
डीहैं पांच रूप रसगंध स्पर्श शब्द येरस जिसतें होतेहैं पांच महा भूत इसके स्कंधहैं एकादश
इंद्रियशाखाहैं दोइ पक्षी जीव और परमात्माकों धारतेहैं बायु पित्तकफ ये तीन वालत्वचाहैं दोय
फल सुख दुःखहैं सूर्य मंडल पर्यंत यह तरूहै तिसतें आगे संसार नही ॥ २२ ॥ इसके फल
के भोक्तोंकों कहतेहैं इसके एक फल जो दुःख रूप तिसकों गृध्र समान कामी ग्रामचारी
गृहस्थ भोग करतेहैं दूसरे फल सुखकों अरण्यवासी परमहंस संन्यासी भोगकरतेहै तिसतें यह

द्वेअस्यवीजेशतमूलस्त्रिनालःपंचस्कंधःपंचरसप्रसूतिः दशैकशाखोद्विसुप
र्णनीडस्त्रिवल्कलोद्विफलोर्कंप्रविष्टः॥२२॥ अदंतिचैकंफलमस्यगृध्राग्रामे
चराएकमरण्यवासाःहंसायएकंवहुरूपमिज्यैर्मायामयंवेदसवेददेदम्॥२३
एवंगुरूपासनयैकभक्त्याविद्याकुठारेणशितेनधीरः विवृश्च्यजीवाशयम
प्रमत्तः संपद्यचात्मानमथत्यजास्त्रम् ॥ २४ ॥ इतिश्रीभागवतएकाद
शस्कंधेद्वादशोध्यायः ॥ १२ ॥ ‌ॐ ॐ ॐ ॐ ॐ ॐ ॐ

एकही परमात्मा माया मय अनंत रूपहैं इतना तत्वार्थ गुरु द्वारा जानें ॥ २३ ॥ इस
प्रकार धीर साव धान तुमही गुरुकी सेवा कर जो एकांत भक्त तिसकर तीक्षण जो ज्ञान रू
प कुठार तिससें त्रिगुण मय इसका लिंग शरीर कों काट परमात्माकों मेल पीछे सव साध
न छोडदेवो ॥ २४ ॥ एह श्रीभागवतमैं भाषाटीकामैं एकादश स्कंधमैं वारमा अध्याय समा
प्त भया ॥ १२ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

अव तेरमें अध्यायमें सत्वगुणकी वृद्धिकर विद्याका उदय होताहैं तिसतें गुण बंधन छूटें सोप्र
कार हंसकी कथा कर श्रीकृष्ण कहतेहैं हेउद्धव सत्व रज तम एतीनो गुण दूरकरे पीछेसत्व
कों शम कर दूरकरे ॥ १ ॥ अव कहतेहैं रज तमके आगे सत्व कैसें वधे जव सत्ववधे तव
मेरी भक्ति लक्षण धर्म होई उसतें रज तम दूरहोइ ॥ २ ॥ सत्वकी वृद्धि इसतें होतिहै इसतें

श्रीभगवानुवाच सत्वंरजस्तमइतिगुणाबुद्धेर्नचात्मनः सत्त्वेनान्यतमौह
न्यात्सत्त्वंसत्त्वेनचैवहि ॥ १ ॥ सत्त्वाद्धर्मोभवेद्वृद्धात्पुंसोमद्भक्तिलक्षणःसा
त्विकोपासयासत्त्वंततोधर्मःप्रवर्त्तते ॥ २ ॥ धर्मोरजस्तमोहन्यात्सत्ववृद्धि
रनुत्तमः आशुनश्यतितन्मूलोह्यधर्मउभयेहते ॥ ३ ॥ आगमोऽपः प्रजादे
शःकालःकर्मचजन्मच ध्यानंमंत्रोथसंस्कारोदशैतेगुणहेतवः ॥४॥ तत्तत्सा
त्विकमेवैषांयद्यद्वृद्धाः प्रचक्षते निंदंतितामसंतत्तद्राजसंतदुपेक्षितं ॥ ५ ॥

अति श्रेष्ठहै रज तम के दूरभये रजतमहैं मूल जिसका ऐसा अधर्म निश्चे कर शीघ्रदूरहोताहैं
॥ ३ ॥ शास्त्र जल प्रजा देश काल कर्म जन्म ध्यान मंत्र संस्कार ये सत गुणका हेतु हैं ॥ ४
एही दश सात्विक राज तामस है इनके मध्य जिसकी श्लाघा करतेहैं सो सो सात्विकहैं अर
जिसकी निंदा करतेहै सो तामसी हैं अर नजिसकी स्तुति करतेहैं न निंदा करतेहैं सोराजस ५

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

सत्व गुण वधानेकों पुरुष सात्विक निवृत्तिशास्त्रसेवे प्रवृत्तिमार्गके पाखंडियोंके शास्त्र न देखे जल तीर्थकोंही सेवें और सुगंध जल नीच जल न सेवें संग निवृत्ति मानोंकाही करें दुराचारीयों का न करें देश एकांतहीमैं सेवें चोरोंका जूयेवाजियोंकेदेशकों न सेवे ध्यानकाकालब्राह्मी मुहूर्त्त आदिसेवें अर्द्धरात्र प्रदोष काल न सेवें कर्म नित्यहीकरें काम्यकर्म अभिचार कर्म न करें जन्म वैष्णवशैवकरे वैदिकतांत्रिकदीक्षा न लये श्रीकृष्णकाहीध्यानकरे अथवागुरुकाकरें अस्त्रशस्त्रोंका ध्यान न करें जपप्रणवआदिउत्तम मंत्रकोंकरे काम्यमंत्रच्छुद्र मंत्र न जपे संस्कारआत्माके शाधक होइ सो करें देहकों न करें इस प्रकार सब सात्विक सेवें तब सत्वहीकी वृद्धिहोइ राजस तामस च्छूटे तब भक्ति रूपी तपधर्म होइ तिसतेंमेरे स्वरूपका ज्ञानहोइ ६ जैसें वांसकी अग्नि

सात्विकान्येवसेवेतपुमान्सत्वविवृद्धये ततोधर्मस्ततोज्ञानंयावत्स्मृतिरपोहनं॥६॥ वेणुसंघर्षजोवह्निर्दग्ध्वाशाम्यतितद्वनम् एवंगुणव्यत्ययजोदेहः शाम्यतितत्क्रियः ॥ ७ ॥ उद्धवउवाच विदंतिमर्त्याःप्रायेणविषयान्पदमापदां तथापिभुंजतेकृष्णतत्कथंश्वखराजवत् ॥ ८ ॥ श्रीभगवानुवाच अहमित्यन्यथाबुद्धिः प्रमत्तस्ययथाहृदि उत्सर्पतिरजोघोरंतदावैकारिकंमनः॥ ९ ॥ रजोयुक्तस्यमनसः संकल्पःसविकल्पकः ततःकामो गुणध्यानाद्दुःसहःस्याद्धिदुर्मतेः ॥ १० ॥

आपसमैं घसके उठे सब अरण्यकों जाल तब आपही शांतहोइ वैसें गुणके क्षोभसें उपज्या देह आपही शांतहोये ॥ ७ ॥ इहां उद्धव जी पूच्छतेहैं हे कृष्ण वहुधा सवमनुष्यकहेतहैं विषयहैं सो दुःख रूपहैं उनसें दुःखपातेहैं तद क्यों उनकों सेवतेहैं जैसें कुकर गर्दभ वकरा इनकों मारतेहैं तो वी निर्लज्ज होइ उहां प्रवृत्तहोतेहैं ॥ ८ ॥ तहां श्रीकृष्ण उत्तर देतेहैं जब यह अविवेक कर शून्यहोताहैं तब इसके हृदयमें अहंभाव मिथ्या बुद्धि सांचीहोतिहैं तब सात्विक वी मन दुःख रूपराजस धर्मसें व्याप्त होताहैं ॥ ९ ॥ जब रजोगुणसें व्याप्त होइ तब मनमें संकल्प विकल्प उपजतेहैं संकल्पसें विषयोंका ध्यानकरें तिसतें इस दुष्ट बुद्धि पुरुषकों काम उपजे ॥ १० ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

पीच्छे कामके वसहोइ रजोगुणके वेगंकर मोहितभये यह अजितेंद्रिय जिसतें दुःखही फल होइ ऐसें कर्मोंकों करें ॥ ११ ॥ इसीमैं जो विवेकी होइ सोयद्यपि रजो गुण तमो गुणकर विक्षिप्त मनहै तदवी सावधानहै मनकों खैंचरखताहैं तव वह दोष जानके विषयमें आसक्त नहोइ ॥ १२ ॥ जो विवेकी होइ सोशनै शनै मेरे विषें मनलगावे आलस छोड श्वासंगोक आसन दृढ कर मेरे विषें मनस्थिर करे ॥ १३ ॥ इहां एक पूर्वकथा कहतेहैं मेरेशिष्य सनकादिकों नें इतनाही योग वतायाहैं जैसें यह जीव सवतें मन खैंच प्रत्यक्ष मेरे विषें

करोतिकामवशगःकर्माण्यविजितेंद्रियः दुःखोदर्काणिसंपश्यन्रजोवेगेन मोहितः ॥ ११ ॥ रजस्तमोभ्यांयदपिविद्वान्विक्षिप्तधीःपुनः अतंद्रितो मनोयुंजन्दोषदृष्टिर्नसज्जते ॥ १२ ॥ अप्रमत्तोनियुंजीतमनोमय्यर्पय ञ्छनैः अनिर्विण्णोयथाकालंजितश्वासोजितासनः ॥ १३ ॥ एता वान्योगआदिष्टोमाच्छिष्यैःसनकादिभिः सर्वतोमनआकृष्यमय्यद्धावे श्यतेयथा ॥ १४ ॥ उद्धवउवाच यदात्वंसनकादिभ्योयेनरूपेणकेशव योगमादिष्टवानेतद्रूपमिच्छामिवेदितुं ॥ १५ ॥ श्रीभगवानुवाच पुत्रा हिरण्यगर्भस्यमानसाः सनकादयः पप्रच्छुःपितरंसूक्ष्मांयोगस्यैकांति कींगतिं ॥ १६ ॥ सनकादयऊचुः गुणेष्वाविशतेचेतोगुणाश्चेतसिचप्र भो कथमन्योन्यसंत्यागोमुमुक्षोरतितितीर्षोः ॥ १७ ॥

राखतेहैं ॥ १४ ॥ तहां उद्धव पूछताहैं हे केशव जव सनकादिकांकों इस रूपसें यह जोग तुमकहो सो रूप तुमारा जानना चाताहूं ॥ १५ ॥ श्रीकृष्ण कहतेहै ब्रह्माके मानस पुत्र सनकादिक योगकी सूक्ष्म गति पितासें पूछते भये ॥ १६ ॥ जो चित्त विषयमें प्रविष्ट होताहैं विषय चित्तमैं प्रविष्ट होतेहैं हे प्रभो तिसतें जो कोइ मोक्षचाहे संसारसें पार होया चाहैं तिनकों विषय संवंध क्यों छूटे ॥ १७ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

पुत्रोंके पूच्छेसें ब्रह्मा जो कहते भये सो श्री कृष्ण उद्धवसें कहतेहैं इस प्रकार पूछेसें स्वयंभू ब्रह्मा बडे देव विषयके पालक तव विचारण लगे प्रश्नका पारावार नपावते भये जिसके कर्म कर विक्षिप्त बुद्धि भई ॥१८॥ तव ब्रह्माने मेराचिंतन किया इस प्रश्नके उत्तरके निमित्त तवमैंही हंसस्वरूपहोइ ब्रह्माके निकट आवता भया ॥ १९॥ मेरेकों देखके सव प्रणाम कर ब्रह्माकों आगे कर सनकादिक तुमकहो ऐसें पूच्छते भये मेरे निकट आइके ॥ २० ॥ तत्वके जाननेकी इच्छा कर मुनियोंने जव इस प्रकार मेरेसें पूच्छा तवमैं जो उनसें कहता भया हे उद्धव सोतुम सुनो ॥ २१ ॥ हंस सनकादिकों सें कहतेहैं देह भिन्नहै आत्मा भिन्नहैं इतना तत्व जाननेसें

श्रीभगवानुवाच एवंपृष्टोमहादेवःस्वयंभूर्भूतभावनः ध्यायमानःप्रश्नबीजं नाभ्यपद्यतकर्मधीः ॥ १८ ॥ समामचिंतयद्देवःप्रश्नपारतितीर्षया तस्याहंहंसरूपेणसकाशमगमंतदा ॥ १९ ॥ दृष्ट्वामांतउपव्रज्यकृत्वापादाभिवंदनं ब्रह्माणमग्रतःकृत्वापप्रच्छुःकोभवानिति ॥ २० ॥ इत्यहंमुनिभिःपृष्टस्तत्वजिज्ञासुभिस्तदा यदवोचमहंतेभ्यस्तदुद्धवनिबोधमे ॥२१॥ वस्तुनोयद्यनानात्वमात्मनःप्रश्नईदृशः कथंघटेतवोविप्रावक्तुर्वामेकआश्रयः ॥ ॥ २२ ॥ पंचात्मकेषुभूतेषुसमानेषुहवस्तुतःकोभवानितिवःप्रश्नोवाचारंभोह्यनर्थकः ॥ २३ ॥

आत्मा नित्यहै देहादिकसें ममता च्छूटे तव आपही विषयोंसें विविक्त चित्तहोइगा यह कहा चाहेहै तिसतें प्रथमही उनके प्रश्नकों खंडन करतेहैं हे ब्राह्मणहो जोआत्मा अनेक नही तोतुम कहो यह तुमारा प्रश्न क्यों कर घटे निर्विशेष आत्मामें कौण गुण जाति आदि विशेष का आश्रय कर उत्तर देउ ॥ २२ ॥ और जो पंच भूत संघात रूप यह देहहै तिसका प्रश्नहै तोअनर्थ रूपहै देव मनुष्य आदि देह सव पंच भूतात्मकहैं वस्तुतें सव समानहै अपने कारणतें न्यारे नही सेवक कारण रूप एकहीहैं ब्रह्म रूपहीहै ये नाम धर लियेहैं न्यारे न्यारे सो अज्ञानहै तिसतें मैं इसका क्या उत्तर देउ ॥ २३ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

मनकर वचन कर दृष्टिकर और इंद्रियों करजो ग्रहण करोहै सोमैहीहूं और नही यह तत्वके विचार करजानो ॥ २४ ॥ इस प्रकार उनके प्रश्न कों खंडन के निमित्त कर आत्माकास्वरूपकहा अब ब्रह्मा का जो अशक्य उत्तरहै तिसका उत्तर देतेहैं ये विषय अर चित्तदोइ गूथेहै ब्रह्म रूपजीवकों देहहैं सो उपाधिहै सांचानहीं आपकों ब्रह्म रूप कर जानें विषयों कों मिथ्या कर जाने वैराग्य कर भगवानका भजन करे तब उपाधि च्छोड मुक्तहोइ ॥ २५ ॥ तिसतें वारंवार विषयोंकी सेवा करते तिनकी वासनासें विषयोंमें चित्तप्रविष्टहोतेहै तिसतें विषय और चित्तये दोइ मेरा स्वरूपजाने तबछूटें ॥ २६ ॥ जाग्रत्स्वप्न सुषुप्तिये तीन अवस्थाके सहित जीव शुद्ध

मनसावचसादृष्ट्यागृह्यतेन्यैरपीन्द्रियैः अहमेवनमत्तोन्यदितिबुध्यध्वमंजसा२४ गुणेष्वाविशतेचेतोगुणाश्चेतसिचप्रजाःजीवस्यदेहउभयंगुणाश्चेतोमदात्मनः॥२५॥ गुणेषुचाविशञ्चित्तमभीक्ष्णंगुणसेवया गुणाश्चचित्तप्रभवामद्रूपउभयंत्यजेत् ॥ २६ ॥ जाग्रत्स्वप्नःसुषुप्तंचगुणतोबुद्धिवृत्तयः तासांविलक्षणोजीवः साक्षित्वेनविनिश्चितः ॥ २७ ॥ यर्हिसंसृतिबंधोयमात्मनोगुणवृत्तिदः मयितुर्येस्थितोजह्यात्त्यागस्तद्गुणचेतसां ॥ २८ ॥ अहंकारकृतंबंधमात्मनोर्थविपर्ययम् ॥ विद्वान्निर्भिद्यसंसारचिंतांतुर्येस्थितस्त्यजेत् ॥ २९ ॥

आत्मरूपकैसें होइ तिसकों कहतेहैं ए अवस्था तीन गुण कर होतेहैं सोबुद्धिकी वृत्तिअवस्था है जीव इन अवस्थोंसें भिन्नहैं इह निश्चेकियाहै जिसतें इनका साक्षीहैं ॥ २७ ॥ जोयह साक्षिभया न्याराहै तिसनें सोया जागया ऐसें क्योंकहतेहैं जब अहंकारके धर्म कर संसार कों बांधतेहैं तबमैं जागताहुं सोवताहुं यह यह बुद्धि है जब अहंकार देह सें छूटे आत्माविषैं दृष्टि होइ तब ए अवस्थावी सब जाति रहतिहैं विषय और चित्तका परस्परत्यागहोइ ॥ २८ ॥ यह बंधन देह अभिमान रूपसें है इसीतें आत्माकों वी अनर्थ लगताहै ऐसी समझ कर आत्मामें चित्त राख यह संसारकी सब चिंता च्छोडें ॥ २९ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

जहां तक इसकी भेद बुद्धि युक्तियों कर न निवर्त होइ तहां तक अज्ञानी यह जागताही सो याहैं तहा दृष्टांत जैसें स्वप्नमें जागना ॥ ३० ॥ एसव देह अर देह का किया सवनासें भेद वर्ण आश्रम स्वर्ग आदि फल कर्म सव आत्माके धर्म नही देहके धर्महैं अविद्यासें होतेहैं तिसतें मिथ्याहैं सत्य नही जसें स्वप्नके देखन वालेके सव मिथ्या मनोरथहैं ॥ ३१ ॥ यह जीवजागतमें विषय भोग करतेहैं सो भोग एकक्षणहैं नित्य नही जैसें वाल अर तरुण आए अर गए जागरण के सामान स्वपनेमैं भोग करतेहैं ौर सुषुपतिमें सव एधर्म लीनहोतेहैं एकही आ

यावन्नानार्थधीःपुंसोननिवर्तेतयुक्तिभिः जागर्त्यपिस्वपन्नज्ञः स्वप्नेजागरणं यथा ॥ ३०॥ असत्वादात्मनोन्येषांभावानांतत्कृताभिदा गतयोहेतवश्चास्यमृषास्वप्नेदृशोयथा ३१॥योजागरेवहिरनुक्षणधर्मिणोर्थान्भुंक्तेसमस्तकरणैर्हृदितत्सदृक्षान् स्वप्नेसुषुप्तउपसंहरतेसएकः स्मृत्यन्वयात्रिगुणवृत्तिदृगिंद्रियेशः ॥ ३२ ॥ एवंविमृश्यगुणतोमनसस्त्र्यवस्थामन्माययामयिकृताइतिनिश्चितार्थाःसंछिद्यहार्दमनुमानसदुक्तितीक्ष्णज्ञानासिनाभजतमाखिलसंशयाधिं ॥ ३३ ॥

त्मा रहताहैं मै पहिले स्वप्न देख पीच्छे में सुखसे सोया कुच्छ न जाना इस अनुभवके स्मरणसें तोनही अवस्था वुद्धि कियांहैं तिनका साक्षी एक अत्मा रहताहै ौर सव लीन होतेहैं आत्मा इंद्रियोंका ईश्वरहैं ॥ ३२ ॥ इस प्रकार ये तीनो अवस्था मनकोंहै आत्माकों नही सोमेरी शक्ति अविद्या कर आपकों मान लेतेहैं ऐसानिश्चय कर सव संदेहका स्थान अहंकारहैं तिसतें विवेक कर अनुमान कर श्रेष्ठों के वचन कर जो उपजा ज्ञान रूप खडग तिस कर काट हृदयमें सदा स्थित ऐसें मेरेकों भजो ॥ ३३ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

अनुमान किस प्रकारकाहैं सो बतातेहैं यह जगत देखीदीहै सो सबमनका विलासहैं भ्रमहैं मिथ्याहै स्वप्नकी न्याईं चलताहै जैसें ज्वलदंगारकाचक्रहोइ तहां कहतेहैं भ्रमहीतो बुरी वस्तुहै सो तब होताहै यब तिसका विषय होय तो तहां कहते हैं विज्ञान एकही अनेक रूपहोइ प्रकटता हैं तहा जो मायाके गुण कर संकल्प विकल्प कर भेद बुद्धि सो मायाहै स्वपनके तुल्यहै इतना विज्ञान होइ तो भ्रम नहोइ ॥ ३४ ॥ तिसतें हे उद्धव ऐसें प्रपंचतें दृष्टि फेर तृष्णा छोड आत्म सुखके विचारमें ततपर होइ इंद्रियोंके धर्म सब छोडदेइ कदा चित कहो देहवंतकों देहकी चेष्टा क्यों छूटे जो छोडतेहै तिनको वी देखीदीहै तिसका उत्त

ईक्षेतविभ्रममिदंमनसोविलासंदृष्टंविनष्टमतिलोलमलातचक्रं विज्ञान मेकमुरुधेवविभातिमायास्वप्नस्त्रिधागुणविसर्गकृतोविकल्पः ॥ ३४ ॥
दृष्टिंततःप्रतिनिवर्त्यनिवृत्ततृष्णस्तूष्णींभवेन्निजसुखानुभवोनिरीहः संदृ श्यतेक्कचयदीदमवस्तुबुद्ध्यात्यक्तंभ्रमायनभवेत्स्मृतिरानिपातात् ॥ ३५ ॥
देहंचनश्वरमवस्थितमुत्थितंवासिद्धोनपश्यतियतोध्यगमत्स्वरूपं दैवादु पेतमुतदैववशादुपेतंवासोयथापरिकृतंमदिरामदांधः ॥ ३६ ॥

र देतेहैं जो कदाचित कवी ऐसियाकों देह चेष्टा देखतेहैं पर वह चेष्टा अहंकार विनाहैं सांची नही तिसतें प्रपंच उनकों मिथ्या बुद्धिहै मिथ्या जान छोडें सो फेर उसकों भ्रम नकरें यह निश्चयहै देह पर्यंत कर्मोंके संस्कारहैं ॥ ३५ ॥ यह देह मिथ्याहै आसनतें उठ्या होइ अथवा आसन विषे स्थित होइ दैववशसें कही चला देवके वसतें कही प्रापत भया तदवी जो सिद्धहै सो नही देखसें जिस देहसें स्वरूपकों जानतेहैं तिस देहकों नही देखतेहैं जैसें मादिगके मद कर आंध भयो उतारे होइ अथवा पहिरे होइ वस्त्रोंकों नजाने ॥ ३६

तहां तर्क करतेहैं जोदेहकों नजानेतो देह क्यों नही गिरता तहा कहतेहैं यह देहवी दैवके अधीनहैं जहां तक प्रारब्ध कर्म है तहां तक प्राण इंद्रिय समेत देह रहताहैं तिसनें जो समाधि जोगमें आरूढहैं परमार्थ वस्तु आतम स्वरूपकों जानतेहैं सो प्रपंच सहित स्वप्न समान इस देहकों न भजे ॥ ३७॥ हेब्राह्मणहो मैं यह तुमसें आत्म देहकों विवेक सांख्ययोग तिसका रहस्य कहा तुमसें धर्म कहनेकों यज्ञ रूप विष्णुमें आयाहां सो जानो ॥ ३८ ॥ हे द्विज श्रेष्ठ योग सांख्य सत्य ऋत कहीये शास्त्रोक्त धर्म तेज श्रीकीर्ति इन धर्मोंका मैं परम स्थानहों ये मेरे

देहोपिदैववशगःखलुकर्मयावत्स्वारंभकंप्रतिसमीक्षतएवसासुः तंसप्रपंच मधिरूढसमाधियोगःस्वाप्नंपुनर्नभजतेप्रतिबुद्धवस्तुः ॥ ३७ ॥ मयैतदुक्तं वोविप्रागुह्यंयत्सांख्ययोगयोः जानीतमागमंयज्ञंयुष्मद्धर्मविवक्षया ॥३८॥ अहंयोगस्यसांख्यस्यसत्यस्यर्तस्यतेजसः परायणंद्विजश्रेष्ठाःश्रियःकीर्ते र्दमस्यच ॥ ३९ ॥ मांभजंतिगुणाःसर्वेनिर्गुणंनिरपेक्षकं सुहृदंप्रियमात्मा नंसाम्यासंगादयोगुणाः ॥ ४० ॥ इतिमेच्छिन्नसंदेहामुनयःसनकादयःस भाजयित्वापरयाभक्त्यागृणतसंस्तवैः ॥ ४१ ॥ तैरहंपूजितःसम्यक्संस्तु तःपरमर्षिभिः प्रतीयायस्वकंधामपश्यतःपरमेष्ठिनः ॥ ४२ ॥ इतिश्रीभा गवते एकादशस्कंधेत्रयोदशोध्यायः ॥ १३ ॥ ❀ ❀ ❀ ❀

मेही रहतेहैं ॥ ३९ ॥ सब गुण मेरे आश्रय रहतेहैं निरपेक्षहो सुहृद परम प्रियहो सबके आत्माहो सब मेरेकों समानहै संग कीसीसें नहीं ऐसे गुण मेरेमेंहीहैं ॥ ४० ॥ ऐसेमेरे वचन सुन संदेह निवर्त्त कर सनकादिक मुनि अति भक्तिसें मेरा आदर करते भये ॥ ४१ ॥ तिन रिषियोंने भली प्रकार स्तुति करी और पूजा करी ब्रह्माके देखतियां अपने धाम आवते भये ॥ ४२ ॥ एह श्रीभागवतमें भाषा टीकामें एकादश स्कंधमें तेरमा अध्याय समाप्त भया ॥ १३ ॥ ❀ ❀ ❀

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

अब चौदमें अध्यायमें परम श्रेष्ठ भक्तिहैं यह कहेंगे अर साधन समेत ध्यान कहेंगें तहां उद्धव पूछताहै हे कृष्ण जो ब्रह्मका विचार करतेहैं सो ब्रह्म प्राप्तिके साधन बहुत बतातेहैं तिन सब ही में मुख्यजो एकहैं सो साधन कहो ॥ १ ॥ हे ईश्वर तुम निर्लेपभक्ति एक मुख्यसाधन कहो सब सगछाड जिस भक्ति योगकर मेराचित्ततुमारेविषें लागें ॥२॥ तहां श्रीकृष्ण कहतेहैं हे उद्धव यह मेरी कही वाणी वेद रूपहै सो प्रलयमें कालकर नष्टभई हैं पहिले मैंनें ब्रह्मासें यह भक्ति रूप कर्मकहा जिसवाणीमें यहधर्म मेरा स्वरूपहैं ॥ ४॥ ब्रह्माने अपने वडे पुत्रसें यहवाणी

उद्धवउवाच वदंतिकृष्णश्रेयांसिबहूनिब्रह्मवादिनः तेषांविकल्पप्राधा
न्यमुताहोएकमुख्यता ॥ १ ॥ भवतोदाहृतः स्वामिन्भक्तियोगोनपेक्षितः
निरस्यसर्वतःसंगं येनत्वय्याविशेन्मनः ॥ २ ॥ श्रीभगवानुवाच काले
ननष्टाप्रलयेवाणीयंवेदसंज्ञिता मयादौब्रह्मणेप्रोक्ताधर्मोयस्यांमदात्मकः ३
तेनप्रोक्ताचपुत्रायमनवेपूर्वजायसा ततोभृग्वादयोऽगृह्णन्सप्तब्रह्ममहर्षयः
॥ ४ ॥ तेभ्यः पितृभ्यस्तत्पुत्रादेवदानवगुह्यकाः मनुष्याःसिद्धगंधर्वाःस
विद्याधरचारणाः ॥५ ॥ किंदेवाःकिन्नरानागारक्षःकिंपुरुषादयःबह्व्यस्ते
षांप्रकृतयो रजःसत्वतमोभुवः ॥ ६ ॥ याभिर्भूतानिभिद्यंतेभूतानांमतय
स्तथा यथाप्रकृतिसर्वेषांचित्रावाचःस्रवंतिहि ॥ ७ ॥

कही मनुसें भृगुआदि मरीचि अंगिरा पुलस्त पुलह क्रतु ये सात ब्रह्माके पुत्र यह वाणी ग्रहण करतेभये ॥ ४ ॥ तिनसें तिनके पुत्र दैत्य देवते गुह्यक मनुष्य सिद्ध गंधर्व विद्याधर ॥ ५
किंदेव एक मनुष्य जातिहैं परदेव तुल्यहैं किंनर नाग राक्षस किं पुरुषादिक ये वाणी ग्रहण करतेभये तिनकप्रिकृति बहुत राजससात्विक तामसहैं ॥ ६ ॥ जिन प्रकृतियों कर देव दैत्य मनुष्यादिक प्राणी भिन्न भिन्न होतेहैं तैसें प्राणियोंकी बुद्धि भिन्न भिन्न होतीहै तिनकी जैसी प्रकृतिहैं तैसी सबनोंकी नाना प्रकार वाणी वेदके व्याख्यानकों हैं निकलतीहै प्रकट करतीहैं ७

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

अब जैसें बुद्धि प्रकृतियों सें भिन्न भिन्न होतीहै सो कहतेहैं पुरुषोंके स्वभावको विचित्र होनेते तिनकीयां वुद्धियांवी भिन्न भिन्न होतीयांहै और जो अध्ययन शून्यहै तिन कियां किसेके उपदेशसे भिन्न २ होतीयांहै कैयोंकियां पाखंडवालीयांबुद्धियां होतीयांहै ॥८॥ हे पुरुषोंमे श्रेष्ठमे रीमाया कर मोहित भयीयां वुद्धियां जिनकीयां ऐसे यो पुरुष सो वहुत प्रकारका श्रेय कहतेहै ९ ॥ सो ही श्रेय डेडश्लोक कर कहतेहै मीमांसक कर्मकों परम श्रेय कहतेहै काव्य अलंकारके जानने वाले यशको परम श्रेयकहतेहै वात्स्यादनादि कामकों परम श्रेयको कहतेहै अर योग शास्त्र वाले सत्य शम दम इनकों परम श्रेयका साधन कहतेहै और दंडनीती शास्त्र वाले ऐश्वर्य कोही परमपुरुषार्थ कहतेहै इससें सामदामादिही परम श्रेयका साधनहै एतिनकामतहै औरतैसेंही

एवंप्रकृतिवैचित्र्याद्भिद्यंतेमतयोनृणां पारंपर्येणकेषांचितूपाखण्डमतयोऽपरे ॥८॥ मन्मायामोहितधियःपुरुषाःपुरुषर्षभ श्रेयोवदंत्यनेकांतंयथाकर्मयथारुचि ९॥ धर्ममेकेयशश्चान्येकामंसत्यंदमंशमम् अन्येवदंतिस्वार्थंवा ऐश्वर्यंत्यागभोजनम् १० केचिद्यज्ञतपोदानंव्रतानिनियमान्यमान् आद्यंतवंतएवैषांलोकाःकर्मविनिर्मिताः दुःखोदर्कास्तमोनिष्ठाःक्षुद्रानंदाःशुचार्पिताः ११ मय्यर्पितात्मनःसभ्यनिरपेक्षस्यसर्वतःमयात्मनासुखंयत्ततूकुतः स्याद्विषयात्मनाम् ॥ १२ ॥ अकिंचनस्यदांतस्यशांतस्यसमचेतसः मयासंतुष्टमनसः सर्वाः सुखमयादिशः ॥ १३ ॥

होर जोलोकायतिकहै सो त्याग अर भोजन देव पूजन अर तपदान व्रत नियम संयम इनकोंही परम श्रेयका साधन कहतेहै ॥ १०॥ अब तिनके फलको तुच्छ कहतेहै हेउद्धव इन कर्मादियों कर प्राप्त होने वाले लोक सोवी अनित्यहै मोह युक्तहै और भोग कालमैं दुःख कर युक्तहै किंचित् सुख वालेहै ॥ ११ ॥ अब भक्तिकों मुख्यत्व कहतेहै हे उद्धव मेरे मैं अर्पन करामन जिसनें अर सवसें हटा मन जिसका उस कों मेरे स्मरणसें जो सुखहै सो विषयां मैंही है मन जिनका उनकों कहा होगा ॥ १२ ॥ औरोंलोकोंका सुख परिमित अर तुच्छहै अर मेरे भक्तकोंसुख पूर्णहै सो कहतेहै जो मेरा भक्त अकिंचनहै अर इंद्रिय जिसने जीते होइ शांत होइ सम दृष्टि होइ मेरे कर संतुष्ट मन होइ तिसकोंसव दिशां सुख रूपीहै ॥ १३ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

वह सदा पूर्णहै सो कहतेहैं जिनमेरे विषें आत्मा समर्पन किया तिनकों मेरे विना और कुच्छ न चाहिये एक मैंही उनकों प्रियहां ब्रह्मलोक इंद्र लोक समस्त भूमिका राज्य पातालका राज्य अणिमा महिमादिक योग सिद्धि मोक्ष पर्यंत वी वांछत नही ॥ १४ ॥ तिसतें भक्तोंके समान मेरेकों कोइ प्रिय नही अधिक कथा कहें मेरा आत्मावी मेरेकों प्रिय नही हे उद्धव जैसें तुम मेरेको प्रियहो तेसें मेरे पुत्र ब्रह्मा महा देव संकर्षण लक्ष्मी वी मेरेकों प्रिय नही यह अति संतोषसें श्रीकृष्ण कहते भये ॥ १५ ॥ जो मेरा भक्त निरपेक्षहोइ शांतहोइ निर्वैरहोइ समदृष्टिहोइ तिसके संगमें नित्य रहतेहां वह जहां जाइ तहा उसके संग जातेहां उसके चरण रेणु

नपारमेष्ठ्यंनमहेंद्रधिष्ण्यंनसार्वभौमंनरसाधिपत्यं नयोगसिद्धीरपुनर्भवं वा मय्यर्पितात्मेच्छतिमद्विनान्यत् ॥१४॥ नतथामेप्रियतमआत्मयोनिर्न शंकरः नचसंकर्षणोनश्रीर्नैवात्माचयथाभवान् ॥१५॥ निरपेक्षंमुनिंशांतं निर्वैरंसमदर्शनम् अनुव्रजाम्यहंनित्यंपूयेयेत्यंघ्रिरेणुभिः ॥१६॥ निष्किंच नामय्यनुरक्तचेतसःशांतामहांतोऽखिलजीववत्सलाः कामैरनालब्धधियो जुषंतियत्तन्नैरपेक्ष्यंनविदुःसुखंमम ॥१७॥ वाध्यमानोपिमद्भक्तोविषयैरजि तेंद्रियः प्रायःप्रगल्भयाभक्त्याविषयैर्नाभिभूयते ॥ १८ ॥

कर सवकों पवित्र करतेहां ॥ १६ ॥ जो महांतहै निरभिमानहै मेरे विषें अनु रक्त चित है शांतहै सव जीवों पर परम स्नेह संयुक्तहै निष्काम हैं निष्किंचनहै मेरे विना और उनकों कुछ नही इच्छा रहितीहैं तिनकों प्राप्तहोने कों मैं जोग्यहां जो मेरा सुख अनु भव है सो सुख और किसीकों नही ॥ १७ ॥ अव कहतेहैं की उत्तम भक्तों की कथा रहो जो सामान्य मेरे भक्तहै सो वी कृतार्थहैं यह कहतेहै मेरे भक्त विषयों कर पीडितहै इंद्रिय जीते नही तदवी बहुधा भक्ति दृढहोइ तो विषय बाधा नही कर सकतेहैं ॥ १८ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

जैसें अग्नि जवनीचे वले तव काष्ठकों भस्म करतीहैं तैसेंहीं हे उद्धव यद्यपि विषय प्रति बंध क है तथापि मेरी भक्ति सब पापोंकों भस्म करे ॥ १९ ॥ तिसतें भक्ति विना और कुच्छ नही हे उद्धव योग सांख्य धर्म पाठ तप त्याग एकोइ मेरेकों वस नकर सके एक दृढ भक्ति मेरेकों वस करतीहैं ॥ २० ॥ श्रद्धा कर उपजी जो एक भक्ति तिस करकें हीमैं वस होता हां भक्तोंका आत्माहां प्रियहूं मेरे विषें जिनकी निष्ठाहैं ऐसी भक्ति जो चंडाल नीचमैं होइ तिनकोंवी जाति दोषतें पवित्र करताहूं ॥ २१ ॥ सत्यसें दयासें संयुक्त धर्म कियाहैं पर मे

यथाग्निःसुसमिद्धार्चिःकरोत्येधांसिभस्मसात् तथामद्विषयाभक्तिरुद्धवै
नांसिकृत्स्नशः ॥ १९ ॥ नसाधयतिमांयोगोनसांख्यंधर्मउद्धव नस्वा
ध्यायस्तपस्त्यागोयथाभक्तिर्ममोर्जिता ॥ २० ॥ भक्त्याहमेकयाग्राह्यः
श्रद्धयात्माप्रियःसतां भक्तिःपुनातिमन्निष्ठाश्वपाकानपिसंभवात् ॥ २१
धर्मःसत्यदयोपेतोविद्यावातपसान्विता मद्भक्त्यापेतमात्मानंनसम्यक्प्र
पुनातिहि ॥२२॥ कथंविनारोमहर्षंद्रवताचेतसाविना विनानंदाश्रुकलया
शुध्येद्भक्त्याविनाऽऽशयः ॥ २३ ॥ वाग्गद्गदाद्रवतेयस्यचित्तंरुदत्यभी
क्ष्णंहसतिक्वचिच्च विलज्जउद्गायतिनृत्यतेचमद्भक्तियुक्तोभुवनंपुनाति २४

री भक्ति नही होइ अर तप संयुक्त विद्या पडी होइ अर मेरी भक्ति न होइ तो उसकों पवि त्र नही करतेहै ॥ २२ ॥ जिसके रोमांच नहोइ द्रवीभूत चित्त नहोइ आनंदसें अश्रु न च ले तिसकी भक्ति कैसें जानी जाइ अर भक्ति विना हृदय कैसें शुद्ध होइ ॥ २३ ॥ भक्ति का लक्षण कहतेहैं जिसकी वाणी गद गद होइ चित्त द्रवीभूत कोमल होइ नेत्रोंसें वारंवार अश्रु चलें कवी हसे कवी लज्जा च्छोड ऊचे स्वरसें गायन करें नाच करें इस प्रकार मेरी भक्तिसें युक्त होई सो लोकाकों पवित्र करताहैं ॥ २४ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

जैसें सुवर्ण अग्नि कर स्यामता छोडदेइ अपना निर्मल रूपपावे तैसें यह आत्मा मेरी भक्ति कर कर्म वासना सब दूर कर पीछें मेरेकों भजे ॥ २५ ॥ तहां कहतेहैं ज्ञान विना अविद्या कैसें जाये अविद्याके गये विना तुमकों कैसें पाइ भक्तियोग कर कैसें पावें तिसका उत्तर देते हैं जैसे जैसें मेरी पुण्य कथा श्रवण करें कीर्तन करें तैसें तैसें चित्त शुद्धहोइ तैसेंही सूक्ष्मवस्तु मेरा स्वरूप देखें जैसें अंजनदिये नेत्र निर्मलहोइ संपूर्ण देखें तिसतें भक्तिका अवांतर व्यापार ज्ञानहै ज्ञानन्यारानही ॥२६॥ विषयोंकेध्यानसें मनविषयोंमें रहताहै मेराध्यान राखे सोचित्त मेरेमें

यथाग्निनाहेममलंजहातिध्मातंपुनःस्वंभजतेस्वरूपम् आत्माचकर्मानुश
यंविधूयमद्भक्तियोगेनभजत्यथोमां॥२५॥ यथायथात्मापरिमृज्यतेसौमत्पु
ण्यगाथाश्रवणाभिधानैः तथातथापश्यतिवस्तुसूक्ष्मंचक्षुर्यथैवांजनसंप्रयु
क्तं॥२६॥ विषयानूध्यायतश्चित्तंविषयेषुविषज्जते मामनुस्मरतश्चित्तंमय्ये
वप्रविलीयते ॥ २७ ॥ तस्मादसदभिध्यानंयथास्वप्नमनोरथं हित्वामयि
समाधत्स्वमनोमद्भावभावितं ॥ २८ ॥ स्त्रीणांस्त्रीसंगिनांसंगंत्यक्त्वादूरत
आत्मवान् क्षेमेविविक्तआसीनश्चिंतयेन्मामतंद्रितः ॥ २९ ॥ नतथास्यभ
वेत्क्लेशोवंधश्चान्यप्रसंगतः योषित्संगाद्यथापुंसोयथातत्संगिसंगतः ३०

ही लीन होइ ॥ २७ ॥ हे उद्धव तिसतें जैसें स्वप्न मनोरथ तैसें मिथ्या वस्तुका ध्यान छोड मेरी भावना कर चित्त शुद्ध कर मेरे स्वरूपमें राखो ॥ २८ ॥ स्त्रियोंका संग स्त्री संगियोंका संग दूर सें छोड आत्माकों जान धीर होइ एकांत वैठ परम कल्याण रूप मेरा चिंतन करें ॥ २९ ॥ जैसें स्त्रीके संगसें अर स्त्री संगियों के संगसें इसकों कलेश अर वंधन होइ तैसें और के संगसें नही होताहै ॥ ३० ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

इहां उद्धव पूछताहै हे कमल नेत्र जोमोक्ष चाहैं सो तुमारा ध्यानकैसें करे कौनस्वरूपका ध्यान करें यह मेरेसें कहो मेरेकों शीघ्र तुमारादासभाव होवे सो पुरुषार्थहैं ॥ ३१ ॥ तहां श्रीकृष्ण कहतेहैं समान आसन करवैठें अपनी देह सम राखे जेसें सुखहोइ तैसें वैठें हाथ अपने दोइ गोद पराखें नासाके अग्रपर दृष्टिराखें ॥ ३२ ॥ ऐसें वैठ प्राणके मार्गकों पूरक कुंभक रेचक कर शुद्धकरे जितेंद्रिय होइ शनै शनै प्राणा यामका अभ्यासकरे रेचक पूरक कुंभक क्रम करकें अभ्यास करे ३३तहां प्राणायाम दो प्रकारकाहै एकप्रणवरहितहै एकप्रणवसहितहै इहांप्रणवसमेतप्राणायामका अभ्यासकरें सो मूलाधारचक्रहैं तहांसें आरंभकरे मस्तकतक जैसेंहोइ तैसाकमल

उद्धवउवाच यथात्वामरविंदाक्षयादृशंवायदात्मकं ध्यायेन्मुमुक्षुरेतन्मे ध्यानंमेवक्तुमर्हसि ॥ ३१ ॥ श्रीभगवानुवाच समआसनआसीनःसम कायोयथासुखं हस्तावुत्संगआदायस्वनासाग्रकृतेक्षणः ॥३२॥ प्राणस्य शोधयेन्मार्गंपूरकुंभकरेचकैः विपर्ययेणापिशनैरभ्यसेन्निर्जितेंद्रियः३३ ॥ हृद्यविछिन्नमोंकारंघंटानादंबिसोर्णवत् प्राणेनोदीर्यतत्राथपुनः संवेशयेत्स्वरं ॥ ३४ ॥ एवंप्रणवसंयुक्तंप्राणमेवसमभ्यसेत् दशकृत्वस्त्रिषवणंमासादर्वाग्जितानिलः ॥ ३५ ॥ हृत्पुंडरीकमंतःस्थ मूर्ध्वनालमधोमुखंध्यात्वोर्ध्वमुखमुन्निद्रमष्टपत्रंसकर्णिकं ॥ ३६ ॥

नालकीन्याई सूक्ष्म अरनहीं टूटाहुया जो प्रणवस्वर तिसकों प्राणवायुकर हृदयमें प्रकटकर तिसमें घंटानादतुल्यनादस्वरकों स्थिरकरें ३४ इसप्रकार तीनकालमें प्रतिदिन दशवारप्रणवयुक्त प्राणायामके अभ्यास करते महीना भीतर वायुकोंजीतें ३५ इस देहके भीतर हृदय कमलहैं सो अधोमुखहैं टाली उसकी ऊपर रहतीहैं जैसें केले की कली होतिहैं. तैसी कमलकी कलीहैं तिसका ध्यानकरे सो ऊर्ध्व मुख कमलकों करे अधो मुखकों न करें फूले कमल कों करें अष्ट दल होइ वीच उसके कर्णिकाहोइ तिस कर्णिका में सूर्य चंद्र अग्नि ए तीनो क्रमसें राखें चिंतन करें ॥ ३६ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

कमलके कर्णिकामें जहां अग्निहै तिस अग्नि विषें मेरे इस स्वरूपका चिंतन करे ध्यानमात्रसें मंगल कारीहैं जैसारूपध्यानकरें तैसा वर्णनकरतेहै समहोइ अर शांतहोइ सुंदरमुखहोइ दीर्घसुंदर चार भुजाहोइ ॥ ३७ ॥ अति सुंदर ग्रीवाहोइ उत्तम कपोल होइ अति उज्जल मंदहास होइ समान कर्णमें राखेहै मकरा कार कुंडल जहां ॥ ३८ ॥ पीतांवर धारेहोइ मेघकी न्याइ श्याम होइ श्रीवत्स संयुक्त होइ लक्ष्मीकों वक्षस्थलमें धारेहोइ शंख चक्र गदा पद्म वनमाला कर भूषित होइ ॥ ३९ ॥ नूपुरोंकर शोभित चरणहोइ कौस्तुभ मणिकी कांति कर संयुक्त प्रभा

कर्णिकायांन्यसेत्सूर्यसोमाग्नीनुत्तरोत्तरं वन्हिमध्येस्मरेद्रूपंममैतद्ध्यानमंगलं ॥३७॥ समंप्रशांतंसुमुखंदीर्घचारुचतुर्भुजं सुचारुसुंदरग्रीवंसुकपोलंशुचिस्मितं ॥ ३८ ॥ समानकर्णविन्यस्तस्फुरन्मकरकुंडलं हेमांवरंघनश्यामंश्रीवत्संश्रीनिकेतनं ॥ ३९ ॥ शंखचक्रगदापद्मवनमालाविभूषणं नूपुरैर्विलसत्पादंकौस्तुभप्रभयायुतं ॥ ४०॥ द्युमत्किरीटकटककटिसूत्रांगदायुतं सर्वांगसुंदरंहृद्यंप्रसादसुमुखेक्षणं सुकुमारमभिध्यायेत्सर्वांगेषुमनोदधत् ॥ ४१ ॥ इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेभ्योमनसाकृष्यतन्मनः बुद्ध्यासारथिना धीरःप्रणयेन्मयिसर्वतः॥४२॥तत्सर्वव्यापकंचित्तमाकृष्यैकत्रधारयेत्

व कर दीप्तहैं मुकट कंकण कटिमेखला वाजू वंद जहां ॥ ४० ॥ सर्वांग सुंदर होइ हृदयकों अति सुंदर प्रसन्नता कर शोभित मुख और नेत्रहोइ अति सुकुमारहै ऐसे रूपका ध्यानकरें सब अंगोंमें मनदेइ ॥ ४१ ॥ प्रथम इंद्रियांकों विषयोंसें खेंच मनसें मिलावें मनकों बुद्धि सारथी कर विषयोंसें काट मेरे स्वरूपमें मिलावे ॥ ४२ ॥ वह सर्वत्र चित्त व्याप्तहै अंग अंगमें फिरताहै तिसकों तिनसें काट मेरे मुखकी भावनामें राखेमंदहास्य संयुक्त मेरे मुखका चिंतन करे फेर और मनमें न धारें ॥ ४३ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

मुखमैं जब यह मन संलगन होय तब मुखसें हटाय सबसें मूल भूत साक्षात् मेरे स्वरूपमैं रा
खे तब उहांसें च्छुडावे साक्षात शुद्ध ब्रह्म रूपमेरे संपूर्ण स्वरूपमें संलगन होइ तब और कु
च्छ चिंतन न करें ४४ इसप्रकार समाधिमैं दृढ मति होइ अपने आत्मामें आत्म रूप मेरे कों
ही देखे जैसें ज्योतिमैं ज्योति मिल जाइ तैसें सर्वात्मरूप मेरे रूपमैं अपना आत्माकों मि

नान्यानिचिंतयेद्भूयःसुस्मितंभावयेन्मुखं ४३ तत्रलब्धपदंचित्तमाकृष्य व्योम्निधारयेत् तच्चत्यक्त्वामदारोहोनकिंचिदपिचिंतयेत् ४४ एवंसमाहितमतिर्मामेवात्मानमात्मनि दिचष्टेमयिसर्वात्मन्‌ ज्योतिर्ज्योतिषिसंयुतं ॥ ४५ ध्यानेनेत्थंसुतीव्रेणयुंजतोयोगिनोमनः संयास्यत्याशुनिर्वाणंद्रव्यज्ञानक्रियाभ्रमः ॥ ४६ ॥ इतिश्रीभागवत एकादशस्कंधे चतुर्दशोऽध्यायः ॥ १४ ॥ ❀ ❀ ❀ ❀ ❀ ❀ ❀ ❀ ❀

ले देखे ॥ ४५ ॥ इस प्रकार सुदृढतासन ध्यान कर जोगी मेरे विषें मन संयुक्त करें तिनका द्रव्य ज्ञान क्रिया रूप यह भ्रम शीघ्र निवर्त होइ शांति कों पावे ॥ ४६ ॥ एह श्री भागवतमैं भाषाटीकामैं एकादश स्कंधमैं चौदमाअध्यायसमाप्त भया ॥ १४ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

अव पंद्रमें अध्यायमें धारणा सहित सिद्धि सब कही सो सिद्धि भगवानकी प्राप्तिका अंतरायहैं तिसतें इनकों च्छोड परमेश्वरमें ततपरहोइ सो कहतेहैं जितेंद्रियहोइ जित श्वास होइ चित्त मेरे विषें राख जोगीहोइ तिसकों यह सिद्धिहोतीहैं ॥ १ ॥ तहा उद्धव पूछताहै हे श्रीकृष्ण किस धारणा कर सिद्धिहोतीहैं येसिद्धि कितनीहै इनका रूपकैसाहै सो सब मेरेसें कहो तुम योगियोंकी सिद्धिके दाताहो ॥ २ ॥ तव श्रीकृष्ण कहतहैं धारणा अर योगके पारंगतने कहीं अठारे सिद्धिहैं तिसमैं आठ मेरे आश्रय रहतीहैं सो मेरेहीकों होतीहैं केमेरे सारूपको प्राप्तभये जो होर तिनकोंवी होतीहैं पर कुच्छ न्यून होतीहैं ऊेरतेंहीं गुणोंका कार्य्यहैं ॥३॥ तिनकों कहो अणिमा महिमा लघिमा येतीनो देहकी सिद्धिहैं एक प्रापत सिद्धि है इंद्रियोसें मिल इंद्रियोंके देवतयोंसें मिल प्रकाशसिद्धि तिसकों कहिये जोएकदेखे पदार्थहैं एकसुनेहैं तिनकों प्रकाश दर्शनकों सामर्थ

श्रीभगवानुवाच जितेन्द्रियस्ययुक्तस्यजितश्वासस्ययोगिनःमयिधारयतश्चेतउपतिष्टंतिसिद्धयः ॥ १ ॥ उद्धवउवाच कयाधारणयाकास्वित्कथंवासिद्धिरच्युत कतिवासिद्धयोब्रूहियोगिनांसिद्धिदोभवान् ॥२॥ श्रीभगवानुवाच सिद्धयोष्टादशप्रोक्ताधारणायोगपारगैःतासामष्टौमत्प्रधाना दशैवगुणहेतवः ॥ ३ ॥ अणिमामहिमामूर्तेर्लघिमाप्राप्तिरिंद्रियैः प्राकाश्यंश्रुतदृष्टेषुशक्तिप्रेरणमीशिता ॥ ४ ॥ गुणेष्वसंगोवशितायत्कामस्तदवस्यति एतामेसिद्धयःसौम्यअष्टावौत्पत्तिकामताः ॥ ५ ॥ अनूर्मिमत्त्वंदेहेस्मिन्दूरश्रवणदर्शनं मनोजवःकामरूपंपरकायप्रवेशनं ॥ ६ ॥

वेविन्यसेद्देहंस्वाध्यायार्थंवृहद्व्रतः ॥ ३० ॥ अग्नौगुरावात्मनिचसर्वभूतेषु
मांपरम् अपृथग्धीरुपासीतब्रह्मवर्चस्व्यकल्मषः ॥३१॥ स्त्रीणांनिरीक्षण
स्पर्शसंलापक्ष्वेलनादिकं प्राणिनोमिथुनीभूतानगृहस्थोग्रतस्त्यजेत् ३२
शौचमाचमनंस्नानंसंध्योपासनमार्जवं तीर्थसेवाजपोऽस्पृश्याभक्ष्यासं
भाष्यवर्जनं ॥ ३३ ॥ सर्वाश्रमनियुक्तोयंनियमः कुलनंदन मद्भावःस
र्वभूतेषुमनोवाक्कायसंयमः ॥ ३४ ॥

भिन्नकरनजाने इसीप्रकार ब्रह्म तेज युक्त निष्पापहोइ यहमैं परमेश्वरहैं मेरी उपासनाकरें ॥ ३१ ॥
औरबी धर्म कहतेहैं स्त्रियोंकादर्शन स्पर्श भाषण परि हास न करे और स्त्री पुरुष एकत्र संयुक्त
होइ बैठे होइ तिनकों न देखें आप गृहमें नरहे ॥ ३२ ॥ ये धर्म सब आश्रमों कों करणेहैं
शौच मृत्तिका क हाथ पैरधोवे आचमन करे स्नान संध्या शुद्धभाव तीर्थ सेवन तप करें
परंतु जो अस्पृश्यहै तिनका स्पर्श न करें निषिद्धअन्नादि न खाये जो असंभाष्यहै नीच तिनका
त्याग करें ॥ ३३ ॥ हे कुलनंदन सबभूत मात्रमें मेरा भावरखें मन वचन इंद्रियांकों संजमकरें
यह नियम सब आश्रमों कोंहै ३४

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

इसी प्रकार जो व्रतराखे अग्निकीन्याइ तेजस्वीहोइ उग्रतपकर सवकर्म दग्धकर निर्मल होइ मेरा भक्त होइ ॥ ३५ ॥ यह निष्काम ब्रह्मचारीका प्रकार कहा अव जो सकाम होइ सो वेदार्थ विचारके ब्रह्मचर्य छोड गृहस्थके आश्रम मैं आया चाहे तव गुरुकों दक्षिणा देके आज्ञा लेके तव अभ्यंगादिक कर मेखला दंड मुंजी छोडें उस कर्मका नाम समा वर्तन कहतेहैं सो करें ॥ ३६ ॥ तहा दोइ पक्षहें सकाम होइ सो गृहस्थ होइ निष्काम होइ सो वानप्रस्थ आश्रमलइ अथवा संन्यासलेय आश्रमतें आश्रममें जाइ आश्रमविना नरहे ब्राह्मणहोइ तो मेरे विषे तत्पर होइ संन्यास लै ॥ ३७ ॥ जो गृहस्थभया चाहे सो समा वर्तन कर्म कर विवाह करे गृहस्थी होइ लक्षण वानोके कुलकी कंन्या विवाहे प्रथम अपने वर्णकी विवाहे पीछे औरवीकि

एवंवृहद्व्रतधरोब्राह्मणोग्निरिवज्वलन् मद्भक्तस्तीव्रतपसादग्धकर्माशयोमलः ॥ ३५ ॥ अथानंतरमावेक्ष्यन्यथाजिज्ञासितागमः गुरवेदक्षिणांदत्त्वास्नायाद्गुर्वनुमोदितः ॥ ३६ ॥ गृहंवनंचोपविशेत्प्रव्रजेद्वाद्विजोत्तमः आश्रमादाश्रमंगच्छेन्नान्यथामत्परश्चरेत् ॥ ३७ ॥ गृहार्थीसदृशींभार्यामुद्वहेदजुगुप्सितां यवीयसींतुवयसायांसवर्णामनुक्रमात् ॥ ३८॥ इज्याध्ययनदानानिसर्वेषांचद्विजन्मनां प्रतिग्रहोध्यापनंचब्राह्मणस्यैवयाजनं ॥ ३९ ॥ प्रतिग्रहंमन्यमानस्तपस्तेजोयशोनुदम् अन्याभ्यामेवजीवेताशैलैर्वादोषदृक्तयोः ॥ ४० ॥ ब्राह्मणस्यहिदेहोयंक्षुद्रकामायनेष्यते कृच्छ्रायतपसेचेहप्रेत्यानंतसुखायच ॥ ४१ ॥

या चाहेतो अनुक्रमसें उोर विवाहे॥३८॥ ब्राह्मणक्षत्रियवैश्य येतीनोकों आवश्यकहे धर्महे जज्ञ अध्ययन दान तीनोंको समहे प्रति ग्रह अध्यापन यज्ञ करावनें ये तीनों ब्राह्मणोंकेही धर्महैं ॥ ३९॥ तहां विशेष ब्राह्मणाकों कहतेहैं परि ग्रहमें तपतेजयशका नाशक दोषदेषं तव स्वामीने छोडे खेतमैं पडे जो कन तिनसें आजीविकाकरे अथवा उोर कर आजीविका करें जज्ञ करावे भडावे इन दोनोंसें वृति करे जो इनमैं हीनता दोषदेखे तो उंछ वृतिही करे ॥ ४० ॥ ब्राह्मणकों यह देह निश्चे कर तपस्याके कष्ट सहनकों कहाहै क्षुद्रकामकों नही कर परलोकमैं अनंत सुख ब्राह्मणके देहकोंहैं ॥ ४१ ॥

जो हाटमें अथवा क्षेत्रमैं अन्न पडार हे तिसको वी लेके निर्वाह करे तिसी कर संतोष मानैं उत्तम निष्का म धर्मकरें मेरे विषें चित्त राखें घरमे रहें पर आसक्त न होइ इस प्रकार शांति कों पावें ॥ ४२ ॥ दरिद्रीकों यह निर्वाह प्रकार कहा जो अनंत द्रव्यहै तिसका प्रकार कहतेहैं जो ब्राह्मन दरिद्री होइ मेरे विषें तत्पर होइ तिसका जो आपदासें उद्धरा करें तिनका थो डेकालनैं उद्धार करूंगा जैसें समुद्रमै डूबते कों वेडीनिकाले ॥ ४३ ॥ राजा होइ सो सब प्रजाको दुःखसें उद्धार करें जैसें पिताकरे ऊंर आत्माकों आपही विवेक कर उद्धारे जैसैं

शिलोंच्छवृत्त्यापरितुष्टचित्तोधर्मंमहांतंविरजंजुषाणः मय्यर्पितात्मागृह एवातिष्ठन्नातिप्रसक्तः समुपैतिशांतिं ॥ ४३ ॥ समुद्धरंतियेविप्रंसीदं तंमत्परायणं तानुद्धरिष्येनचिरादापद्भ्योनौरिवार्णवात् ॥ ४४ ॥ सर्वाः समुद्धरेद्राजापितेवव्यसनात्प्रजाः आत्मानमात्मनाधीरोयथागजपति र्गजं ॥ ४५ ॥ एवंविधोनरपतिर्विमानेनार्कवर्चसा विधूयेहाशुभंकृत्स्न मिंद्रेणसहमोदते ॥ ४६ ॥ सीदन्विप्रोवणिग्वृत्त्यापण्यैरेवापदंतरेत् खड्गेनवापदाक्रांतोनश्ववृत्त्याकथंचन ॥ ४६ ॥ वैश्यवृत्त्यातुराजन्योजी वेन्मृगययापादि चरेद्वाविप्ररूपेणनश्ववृत्त्याकथंचन ॥ ४७ ॥

गजपति सब हाथियों का उद्धार करे ॥ ४४ ऐसा राजा इसलोकमैं पाप दूर कर सूर्यजैसाहैं तेज जिसका ऐसे विमान कर इंद्रके संग आनंद करें ॥ ४४ ॥ ब्राह्मण दरिद्र कर दुःख पावता होइ सो वाणिज्य वृत्तिकर आपदा कों तरे मदिरा अर रसादिक न वेचें तहांही जो आपदा होइ तो क्षत्रिय वृत्तिकरें परंतुनीच सेवाकी वृत्ति कवी नकरें यह ब्राह्मणों का धर्म कहाहैं ॥ ४६ ॥ क्षत्रियां कों आपत्ति होइ तो वैश्य वृत्ति कर अर मृगया करके जीवे ब्राह्मण का रूप कर अध्यापन कर जीविका करे परंतु नीच सेवन नकरें ॥ ४७ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

वैश्य आपदामें शूद्रकी वृत्ति करें शूद्र आपदामें कारी गरी क्रिया कर जीवे और जब आपत्ति निवृत्तहोइ तवनीच वृत्ति छोडदेइ ॥ ४८ ॥ इस प्रकार सवकी वृत्ति कही फेर गृहस्थीयोंकों आवश्यक पंच यज्ञहै सो कहतेहैं ब्रह्म यज्ञ कर रिषियोंकों संतुष्ट करें श्राद्धमें स्वधा कर पितृ यज्ञ करें होममें स्वाहा कर देवतयोंका जज्ञ करें वलि दान कर भूत जज्ञकरें अन्नजलकर मनुष्योंकों तृप्तकरें यथा शक्ति सव करें सवनामें मेरी बुद्धि राखें ये सव अवश्य कर्तव्यहै ॥४९॥ शक्ति अनुसार जो करणा है तिसकों कहतेहैं विना उद्यम अथवा उद्यमसें पायाहोइ शुद्ध होइ तिस धनकर जैसें कुटुंवकों पीडा नहोइ तेसें न्याय कर जज्ञोंकों करतामेरीपूजाकरे ॥ ५० ॥ कुटुंवमें आसक्त

शूद्रवृत्तिंभजेद्वैश्यः शूद्रःकारुकटक्रियां कृच्छ्रान्मुक्तोनगर्ह्येणवृत्तिंलिप्सेतकर्मणा ॥ ४८ ॥ वेदाध्यायस्वधास्वाहावल्यन्नाद्यैर्यथोदयं देवर्षिपितृभूतानिमद्रूपाण्यन्वहंयजेत् ॥ ४९ ॥ यदृच्छयोपपन्नेनशुल्केनोपार्जितेनवा धनेनापीडयन्भृत्यान्न्यायेनैवाहरेत्क्रतून् ॥५०॥ कुटुंवेषुनसज्जेतनप्रमाद्येत्कुटुंब्यपि विपश्चिन्नश्वरंपश्येददृष्टमपिदृष्टवत् ॥ ५१ ॥ पुत्रदाराप्तवंधूनां संगमःपांथसंगमः अनुदेहंवियंत्येतेस्वप्नोनिद्रानुगोयथा ॥ ५२ ॥ इत्थंपरिमृशन्मुक्तोगृहेष्वातिथिवद्वसन् नगृहैरनुवध्येतनिर्ममोनिरहंकृतः ॥ ५३ ॥

नहोइ तदवी मेरे भजनमें सावधान रहे इस प्रपंचकों मिथ्या जानें स्वर्गकों वी मिथ्या जानें आत्माकोही एक सत्य कर जानें ५१ तहां दृष्ट पदार्थोंमें आसक्ति कों अधिक होनेसें दृष्टांत सहित तिनकों मिथ्यात्व दिखावतेहैं पुत्र स्त्री श्रेष्ठ वंधु इनका जो एक जगा संगमहै सो जैसें छवीलमें मार्ग चलने वालोंका होइ तिसमें हेतु कहतेहैं प्रति देह में पुत्रादि नष्ट होतेहैं जैसें निद्राके नाशमें निद्रा धीन स्वप्न नष्ट होइ ५२ इस प्रकारगृहमे विचारते अतिथीकी न्याईरहैं यह मेराघरहै एसा अहंकार न राखें अहंता ममता छोडें तो वांधेनही ॥ ५३ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

गृहस्थियांकों जों कर्मकहेहैं तिनकर मेरी पूजाकर मेरेविषें भक्ति मानहोइ गृहस्थाश्रममेंरहें पीछे वान प्रहस्थहोवे जो संतान भई होइतो संन्यास लेइ ॥५४॥ जो गृहमें आसक्तहै पुत्र वित्तमें आशाकर आतुरहै स्त्रीके वशहै महादीनहै मूर्खहै सो अहंताममता कर बांधाहै ॥५५॥ मेरेमाता पितावृद्धहै स्त्री छोटे व लकवालीहै बालक छोटे है ए मेरे विना कैसें जीवेंगे दीनअनाथदुःखी होइगे इस प्रकार सोचतारहें ॥ ५६ ॥ सो इसी प्रकार गृहकी आशा कर विक्षिप्त मनहोइ मूढ

कर्मभिर्गृहमेधीयैरिष्ट्वामामेवभक्तिमान् तिष्ठेद्वनंवाप्रविशेत्प्रजावान्वाप रिव्रजेत् ॥५४॥ यस्त्वासक्तमतिर्गेहेपुत्रवित्तैषणातुरः स्त्रैणःकृपणधीर्मूढो ममाहमितिवध्यते ॥५५॥ अहोमेपितरौवृद्धौभार्याबालात्मजात्मजाः अ नाथामामृतेदीनाःकथंजीवंतिदुःखिताः ॥ ५६ ॥ एवंगृहाशयाक्षिप्तहृदयो मूढधीरयम् अतृप्तस्ताननुध्यायन्मृतोंधंविशतेतमः ॥५७॥ इतिश्रीभाग वतएकादशस्कन्धेसप्तदशोऽध्यायः ॥ १७ ॥

मति होइ स्त्री पुत्रों काध्यान करता रहे कबी तृप्तनहोइ सो मृतहोके अति तामस जोनिमैं पडे५७ एह श्री भागवतमें भाषाटीकामैं जारमें स्कंधमें भावार्थ दीपिका में सतारमा अध्याय समाप्तभया ॥ १७ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

अठारमे अध्यायमें वान प्रस्थ अर संन्यासीके धर्म कहेंगे जिस धर्मका जो अधिकारीहैं तिस कों और अधिकारियांकों विशेष कहेगे तहा पहिले वान प्रस्थके धर्मकहतेहैं जब आयुका तसिरा भाग आवे पंचास वरस उपरंत भूअत्तर वरसां परजंत तीसरा भागहैं तब पुत्रांकों घर सौंप वनमें जाइ रहे स्त्री अपने संग आवे तो वनमैं राखे नहीं तो पुत्रां पास रहे वनमैं शांत होइ रहे ॥ १ ॥ वनमैं कंदमूल फलोंसें जीविकाकरें वल्कल वस्त्र पहिरे तृण अर पत्तर मृग चर्म इनकों पाहिरें ये सतवनकीयां वस्तु अति पवित्रहैं ॥ २ ॥ केश रोम नख दाडी मुच्छां ये न दूरकरावे दंत धावन न करे जलोंमें तीन काल स्नान करें भूमिमैं शयन करें ॥ ३ ॥ ग्रीष्म रितुमैं पंचाग्नि साधे

श्रीभगवानुवाच वनंविविक्षुःपुत्रेषुभार्यांन्यस्यसहैववा वनएववसेच्छांत स्तृतीयंभागमायुषः ॥१॥ कंदमूलफलैर्वन्यैर्मेध्यैर्वृत्तिंप्रकल्पयेत् वसीतव ल्कलंवासस्तृणपर्णाजिनानिच ॥ २ ॥ केशरोमनखश्मश्रुमलानिविभृ याद्दतः नधावेदप्सुमज्जेतात्रिकालंस्थंडिलेशयः ॥ ३ ॥ ग्रीष्मेतप्येतपंचा ग्नीन्वर्षास्वासारषाड्जले आकंठमग्नःशिशिरएवंवृत्तस्तपश्चरेत् ४ अग्नि पक्वंसमश्नीयात्कालपक्वमथापिवा उलूखलाश्मकुट्टोवादंतोलूखलएववा ५ स्वयंसंचिनुयात्सर्वमात्मनोवृत्तिकारणं देशकालबलाभिज्ञोनाददीतान्य दाहृतं ॥६॥ वन्यैश्चरुपुरोडाशैर्निर्वपेत्कालचोदितान् नतुश्रौतेनपशुना मांजयेतवनाश्रमी ॥ ७ ॥

वरषामें वर्षासहारे जाडेमें कंठ पर्यंत जलमें मगन रहे ऐसीतपस्या करें ॥ ४ ॥ अग्नि कर पक्वहोइ सो खाइ काल कर पक्व फलादिक खाइ उखलमें कूटीहोइ और पत्थरसें कूटी होइ सोखाइ दांतोंसें कूटी वस्तु खाइ ॥ ५ ॥ अपनी सब आजीविका वस्तु आप लैआवें जो कालांतरमें आनी हुयी वस्तु कालांतरमें न खाइ और देश कालका बल देखें पहला संग्रह न राखें नया अन्न पावें तब पुराणा त्याग करें ॥ ६ ॥ वनकी वस्तुके चरु पुरोडाशों कर देवतयोंका जज्ञ करें वनमें आश्रम कर रहें सो वेदोक्त पशु कर मेरा पूजन न करें ॥ ७ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

अग्निहोत्र दर्श पौर्ण मास चातुर्मास ये जज्ञ मुनियांकों वनकी सामग्रीकर वैदिकोंने कहेहैं ॥ ८ इस प्रकार तपस्या करते कृश होइ सव देह नाडियों कर व्याप्त होइ ऐसें तपो मय मेरेकों आराध न कर प्रथम रिषि लोकतें महर्लोक जाइ पीछे क्रम कर मेरेकों पावें ॥ ९ ॥ जो इतने कष्ट कर मोक्ष फल दायक तपस्या तुच्छ कामना में न लगावे जो लगावे तो उससें मूर्ख कौंनहैं ॥ १० ॥ इस प्रकार सर्व धर्म निष्कामकरे तो अंत मोक्ष होइ आयुके तीसरे भागमें वैराग्य थोडासा उपजे तो संन्यास ले और जोशरीरकी सामर्थ पहिलेंही घटे तव विरक्त होइरहे संन्यास लइ और जो विरक्तभी नहीइ सके तिसकों क्या करणा सो कहतेहैं ज

अग्निहोत्रंचदर्शश्चपौर्णमासश्चपूर्ववत् चातुर्मास्यानिचमुनेराम्नातानिच नैगमैः ॥ ८ ॥ एवंचीर्णेनतपसामुनिर्धमनिसंततः मांतपोमयमाराध्यऋषिलोकादुपैतिमां ॥ ९ ॥ यस्त्वेतत्कृच्छ्रतश्चीर्णंतपोनिःश्रेयसंमहत् कामायाल्पीयसेयुंज्याद्बालिशःकोऽपरस्ततः ॥ १० ॥ यदासौनियमेऽकल्पोजरयाजातवेपथुः आत्मन्यग्नीन्समारोप्यमच्चित्तोग्निंसमाविशेत् ॥ ११ ॥ यदाकर्मविपाकेषुलोकेषुनिरयात्मसु विरागोजायतेसम्यग्न्यस्ताग्निःप्रव्रजेत्ततः ॥ १२ ॥ इष्ट्वायथोपदेशंमांदत्त्वासर्वस्वमृत्विजे अग्नीन्स्वप्राणआवेश्यनिरपेक्षःपरिव्रजेत् ॥ १३ ॥

व यह धर्मके नियम करन कों असमर्थ होइ वृद्धहोइ देहमै कंप होइ तहा अग्नि होत्रकी अग्नि आपमें राख चित्त मेरे विषें राखे अग्निमें प्रविष्ट होइ शरीर च्छोडे ॥ ११ ॥ विरक्त होई तिसकी कृत्य कहतेहैं जो विरक्त होइ सो कर्मों का फल और देवतयोंके लोक तिनकों नरक करजानें तवये सव अग्नि होत्रादिक कर्म छोड तिस आगे संन्यास लये ॥ १२ ॥ संन्यासके आरंभके उपदेश के अनुसार मेरा पूजन करें रित्विज जनाकों सर्वस्व देकर अग्निहोत्र कों अपने आत्मा विषें प्रविष्ट कर आप निरपेक्ष होइ संन्यास लये ॥ १३ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

ब्राह्मण जबसंन्यास लये तब देवते स्त्री पुत्र रूप होइ इसकों विघ्न करतेहैं यह हमारी अवज्ञाकर पर ब्रह्मकों प्राप्तहोनाचाताहै तिसतें विघन करतेहैं तथापि यह तिन विघनाकों उलांघकर संन्यास लय उनके विघननमानें ॥ १४ ॥ अब सन्यासीकेधर्मकहतेहैं जो संन्यासी वस्त्रधाराचाहे तो जितने सैंकुपीन होवे उतना वस्त्र धारे और कुच्छ न धारें एकदंड धारे एकजलपात्र धारे और कुच्छनराखे आपत्कालसेंविना १५ देखकरपैरधरे जलवस्त्रसेंछानपीवे वचनसत्यबोलें और आचारमनमें विचार शुद्ध होइ तब करें ॥ १६ ॥ संन्यासीकों तीन दंड कहेहैं सोकरे वाणी को दंड मौन देहको दंड सकाम कर्म न करें चित्तकों दंड प्राणायाम कर स्थिर करें हे उद्धव जिसके ये दंड नही सोबांसके

विप्रस्यवैसंन्यसतोदेवादारादिरूपिणः विघ्नान्कुर्वंत्ययंह्यस्मानाक्रम्यस मियात्परं ॥ १४ ॥ बिभृयाच्चेन्मुनिर्वासःकौपीनाच्छादनंपरं त्यक्तंनदंड पात्राभ्यामन्यत्किंचिदनापदि ॥ १५ ॥ दृष्टिपूतंन्यसेत्पादंवस्त्रपूतंपिबेज्ज लं सत्यपूतंवदेद्वाक्यंमनःपूतंसमाचरेत् ॥ १६ ॥ मौनानीहानिलायामादं डावाग्देहचेतसां नह्येतेयस्यसंत्यंगवेणुभिर्नभवेद्यतिः ॥ १७ ॥ भिक्षांचतु र्षुवर्णेषुविगर्ह्यान्वर्जयंश्चरेत् सप्तागारानसंक्लृप्तांस्तुष्येल्लब्धेनतावता १८ बहिर्जलाशयंगत्वातत्रोपस्पृश्यवाग्यतः विभज्यपावितंशेषंभुंजीताशेष माहृतम् ॥ १९ ॥ एकश्चरेन्महीमेतांनिःसंगोसंयतेंद्रियः आत्मक्रीडआ त्मरतआत्मवान्समदर्शनः ॥ २० ॥

दंड कर संन्यासी न कहावे १७ आजीविका कर ब्राह्मण चार प्रकार होतेहैं तिनके घर भिक्षा करे निंदित होइ तिनके घर भिक्षा न करे इहा मेरेकों यह अलभ्य लाभ होइगा इस उपदेश तें रहित सात घर भिक्षाकरे जोइ पावे तिसीमें संतोष माने ॥ १८ ॥ भिक्षा मांग जहां जला शयहोइ तहां जाइ पैर धोइ आचमन करें मौनहोइ मार्जन करें मार्गके दोषकी शुद्धिकरें पीच्छे विभाग कर विष्णु ब्रह्मा सूर्य्य भूतोंकों समर्पे थोडा थोडा न्यारे २ कर धरे बाकी सब भोजन करें ॥ १९ ॥ इकल्ला इस पृथवीमें फिरे संग किसीका न करे जितेंद्रिय रहे आत्मामेंहे जिसकों कौतुक होइ तिसीमें संतुष्ट रहें धीर होइ समदृष्टि होइ ॥ २० ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

एकांतनिर्भयस्थलमें रहें मेरी भावना कर निर्मलहृदयराखे आत्मामें मेरेमें भेदन राखे अभेदसें एक आत्मा विचारे विचारशीलहोइ ॥ २१ ॥ ज्ञान निष्ठा कर अपनें बंध मोक्षका विचार करें इंद्रियोंकी चंचलता बंध अर इंद्रियोंका निग्रह मोक्षहै ॥ २२ ॥ तिसतें इंद्रियोंकों निग्रह करे मेरे विषें चित्तराखें तुच्छ कामनासें विरक्त रहें अति उत्तम आत्म सुख पाइ मुनि विचरें ॥ २३ ॥ नगर ग्रामव्रजहोइ तहां भिक्षाकों जाइ और जहांकही आयाहोइ जानके तहांभिक्षा कों जाइ जो पुण्य देशहै नदीहै पर्वतहै वन आश्रमहै तहां तहां पृथवीमें फिरें ॥ २४ ॥ वानप्रस्थंक आश्रम में जाइ नित्य भिक्षा करें उहांका अन्न शुद्धहै तिस करकें सत्व शुद्धहोइ तव स

विविक्तक्षेमशरणोमद्भावविमलाशयः आत्मानंचिंतयेदेकमभेदेनमयामुनिः ॥ २१ ॥ अन्वीक्षेतात्मनोवंधंमोक्षंचज्ञाननिष्ठया वंधइंद्रियविक्षेपोमोक्षएषांचसंयमः ॥ २२ ॥ तस्मान्नियम्यषड्वर्गंमद्भावेनचरेन्मुनिः विरक्तःक्षुल्लकामेभ्योलब्ध्वात्मनिसुखंमहत् ॥ २३ ॥ पुरग्रामव्रजान्सार्थान्भिक्षार्थंप्रविशंश्चरेत् पुण्यदेशसरिच्छैलवनाश्रमवतींमहीं ॥ २४ ॥ वानप्रस्थाश्रमपदेष्वभीक्ष्णंभैक्ष्यमाचरेत् संसिद्ध्यत्याश्वसंमोहः शुद्धसत्वःशिलांधसा ॥ २५॥ नैतद्वस्तुतयापश्येद्दृश्यमानंविनश्यति असक्तचित्तोविरमेदिहामुत्रचिकीर्षितात् ॥ २६ ॥ यदेतदात्मनिजगन्मनोवाक्प्राणसंहितं सर्वंमायेतितर्केणस्वस्थस्त्यक्त्वानतत्स्मरेत् २७

तावी सिद्धीकों पावें मोह घटे ॥ २५ ॥ गृहस्थके घर उत्तम सामग्री मिष्टान्नपावे तहांभिक्षा छोड उंच्छ वृत्तिके अन्नकी भिक्षाकों मन कैसें चले तहा कहतेहैं देखे जोयह मिष्टान्नादिक तिनकों वस्तु कर न देखें जिसतें नाश पातेहैं इसतें इसलोक परलोक विषें मन आसक्त न करें मिष्टान्नादिकके लिये उपाय न करें ॥ २६ ॥ जो यह जगत और शरीर मन वचन प्राणोंसें संयुक्तहै सो अहंता ममताका धर्म है आत्मा विषें सब माया मात्रहै ऐसें युक्तियों कर स्वप्नदृष्टांतसें सबछोड आत्म निष्ठहोइ फेर देहादिकोंका स्मरन न करें ॥ २७ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

अव परमहंस धर्म कहतेहैं एक अधिकारी ऐसेहैं विषयोंसे विरक्तहैं मोक्ष चातेहैं ज्ञान निष्टहै एक पूर्ण ज्ञानीहैं एक निरपेक्षहैं मेरे भक्तहैं ये तीनों त्रिदंडादिक चिन्ह समेत आश्रमांको त्याग कर विधीको त्यागकर मेरा चिंतन करतेहैं विधिके अधीन नहोइ ॥ २८ ॥ विवेकी परंतु वालक की न्याइ फिरे मान अपमान शून्यहोइ रहें और अति चतुरहै परंतु जडकी न्याई रहें फलका अनु संधान न राखे बुद्धिवानहैं परवोले उन्मत्तकी न्याइ वेदके धर्ममैं निष्टाहैं पर आचारका नियम न राखे ॥ २९ ॥ कर्मही करने यह मुख्यहैं ऐसे वेदके वादमें आसक्त नहोइ केवलतर्कही सर्वत्र न करें जहां प्रजोजन विना वाद होइ तहा कीसीका पक्ष न करें ॥ ३० ॥ इहां धीर मनुष्यका उद्वेग न करें न मनुष्यतें आप उद विग्नहोइ अपमान कोसीका न करें आप अ

ज्ञाननिष्ठोविरक्तोवामद्भक्तोवाऽनपेक्षकः सलिंगानाश्रमांस्त्यक्त्वाचरेदविधिगोचरः॥२८॥ बुधोवालकवत्क्रीडेत्कुशलोजडवच्चरेत् वदेदुन्मत्तवद्विद्वान्गोचर्यांनैगमश्चरेत् ॥२९॥ वेदवादरतोनस्यान्नपाखंडीनहेतुकः शुष्कवादविवादेनकंचित्पक्षंसमाचरेत् ॥ ३० ॥ नोद्विजेतजनाद्धीरोजनंचोद्वेजयेन्नतु अतिवादांस्तितिक्षेतनावमन्येतकंचन देहमुद्दिश्यपशुवद्वैरंकुर्यान्नकस्यचित् ॥ ३१ ॥ एकएवपरोह्यात्माभूतेष्वात्मन्यवस्थितः यथेंदुरुदपात्रेषुभूतान्येकात्मकानिच ॥ ३२ ॥ अलब्ध्वानविषीदेतकालेकालेऽशनंक्वचित् लब्ध्वानहृष्येद्धृतिमानुभयंदैवयंत्रितं ॥३३॥ आहारार्थंसमीहेतयुक्तंतत्प्राणधारणं तत्त्वंविमृष्यतेतेनतद्विज्ञायविमुच्यते ॥ ३४ ॥ यदृच्छयोपपन्नान्नमद्याच्छ्रेष्ठमुतापरं तथावासस्तथाशय्याप्राप्तंप्राप्तंभजेन्मुनिः ॥ ३५ ॥

पमान सहे इस देहके लिये पशुकी न्याइ किसीसें वैर न करें ॥ ३१ ॥ सवनामें आत्मा एक हीहैं वैर किसीसें न करें ऐसें समझ निवृत्तहोइ जैसें जलके पात्र अनेक होतेहैं तिनमें अनेक चंद्र प्रतिविंव देखीदे हैं पर चंद्र एकहीहैं तैसें आत्माएकही अनंत रूप प्रतीत होताहैं ॥ ३२ ॥ और कदा चित समेंसमें भिक्षा न पावें तो खेद न करें प्रातहोवेंतो हर्षनकरें धीर्ज राखें प्राप्ति अप्राप्तिदैवाधीनहै ३३ आहार तो अवश्य चाहिये जिससें प्राणरहें प्राण धारणेका प्रयोजन यहहैं जो तत्वका विचारहोइ तत्वके विचारसें मुक्तहोइ ३४ ईश्वर इच्छा सें जो पावें सोई भक्षण करें भलाहोइ अथवा बुराहोइ तैसें मुनि वस्त्र शज्या जैसी पावे तैसी लेइ ॥ ३५ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

जैसें मेरेकों कुच्छ नचाहिये ऊौर लीलाकर सवधर्म करतेहैं तैसेंही ज्ञानीवी आशक्ति छोड शौच आचमन स्नान ऊौरवी नियम ज्ञानीकों विधिके वस होइ नकरें ज्ञान दृष्टि राखे करें ३६ तिसके भेद प्रतीति नही जो पहिलेहै सो मेरे ज्ञान कर गई कहीक देहांतपरजंतवाधितही देखिदीहैं तिस पीच्छे मेरेमें जुक्त होइ ॥ ३७ ॥ जवकेवल वैराग्य जुक्त होइ ज्ञानको इच्छा राखे तिनकों कर्तव्य कहेहैं जिनके यह गृह पुत्र आदि सवको दुःखरूप ज्ञान वैराग्य भया होइ ऊौर ज्ञान की इच्छा करते होइ मेरे धर्म कर्म कुच्छ जानते होइ सो उत्तम गुरुकों सेवे ॥ ३८ ॥ तहां ताई भक्तिकर गुरुकी सेवाकरें श्रद्धा जुक्त होइ करे जो मेरे पर कृपा थोडी करतेहैं ऊौर पर विशेष कृपा करतेहैं ऐसी मनमें नकरे इन धर्मोसें आदर पूर्वक मेरेसें अभेद जान गुरुकों भजे जहांताई ब्रह्मज्ञानजाना जइ ॥ ३९ ॥ अब अधिकार विना संन्यास लइ तिसकी निंदा करते हैं जा इंद्रियांको निग्रह न किया होइ वुद्धि जिसकी अति आसक्त होइ ज्ञान वैराग्य कर रहित होइ ऐसा जो संन्यास लेइ वो वह संन्यास जीविकार्थ होइ तिसतें निंदितहैं ॥ ४० ॥ वह अधर्मी संन्यासीहै देवतयांकी वंचना करीहै जो गृहस्थ धर्ममें देवते अति पूजत हैं सो च्छोड दिये संन्यास धर्मवी करते नही तिसतें सवना की अवज्ञाही करतेहैं तिनकी वासना दग्ध नही भई अर आत्मरूप में हृदयमें स्थित हां तिसकी वंचना करतेहैं तिसते इस लोक परलोकतें नष्ट होताहैं ॥ ४१ ॥

शौचमाचमनंस्नानंनतुचोदनयाचरेत् ॥ अन्यांश्चनियमाञ्ज्ञानीयथाहंलीलयेश्वरः ॥ ३६ ॥ नहितस्यविकल्पाख्यायाचमद्वीक्षयाहता आदेहांतात्क्वचित्ख्यातिस्ततः संपद्यतेमया ॥ ३७ ॥ दुःखोदर्केषुकामेषुजातनिर्वेदआत्मवान् अजिज्ञासितमद्धर्मोगुरुंमुनिमुपव्रजेत् ॥ ३८ ॥ तावत्परिचरेद्भक्तःश्रद्धावानकसूयकः यावद्ब्रह्मविजानीयान्मामेवगुरुमादृतः ॥ ३९ ॥ यस्त्वसंयतषड्वर्गःप्रचंडेंद्रियसारथिः ज्ञानवैराग्यरहितस्त्रिदंडमुपजीवति ॥ ४० ॥ सुरानात्मानमात्मस्थंनिन्हुतेमांचधर्महाअविपक्ककषायोस्मादमुष्माच्च विहीयते ॥ ४१ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

चार अश्रमके मुख्य धर्म कहतेहैं संन्यासीकों मुख्य धर्म शम अरु अहिंसाहैं वान प्रस्थके मुख्य धर्म तपस्या और विचार गृहका मुख्य धर्म प्राणी मात्रकी रक्षा और देवतयोंके जज्ञ ब्रह्मचारीकों मुख्य धर्म गुरुकी सेवा ॥ ४२ ॥ गृहस्थकों होर धर्मबी कहतेहैं ब्रह्मचर्य अर तप शौच संतोष भूत मैत्री ये धर्महैं इसकों ब्रह्मचर्य इसप्रकारहै ऋतु कालमैंही स्त्री संगकरे अर संपूर्णों को मेरा आराधन धर्म है ॥ ४३ ॥ हे उद्धव इसप्रकारके स्वधर्म कर मेरा नित्य भजन करें अनन्यहोइ भजे भाव राखें सो मेरी दृढभक्ति शीघ्र पावे ॥ ४४ ॥ हे उद्धव ऐसी अव्यभिचारिनी भक्ति कर सवलोकके महेश्वर जो मैं हां तिसकों प्राप्तहोइ सवकी उत्पत्ति पालन प्रलयका कारण ब्रह्म रूपमैंहां ॥ ४५ ॥ इस प्रकार स्वधर्मकर शुद्ध चित्तहोइ सो ऐसी ऐश्वर्य विभूति सब

भिक्षोर्धर्मः शमोऽहिंसातपईक्षावनौकसः गृहिणोभूतरक्षेज्याद्विजस्याचार्यसेवनं॥४२॥ब्रह्मचर्यंतपःशौचंसंतोषोभूतसौहृदं गृहस्थस्याप्यृतौगंतुःसर्वेषांमदुपासनं ४३॥इतिमांयःस्वधर्मेणभजन्नित्यमनन्यभाक् सर्वभूतेषुमद्भावोमद्भक्तिंविंदतेऽचिरात् ॥ ४४ ॥ भक्त्योद्धवानपायिन्यासर्वलोकमहेश्वरं सर्वोत्पत्त्यप्ययंब्रह्मकारणंमोपयातिसः॥४५॥ इतिस्वधर्मनिर्णिक्तसत्त्वोनिर्ज्ञातमद्गतिः ज्ञानविज्ञानसंपन्नोनचिरात्समुपैतिमां॥ ४६ ॥ वर्णाश्रमवतांधर्मएषआचारलक्षणः सएवमद्भक्तियुतोनिःश्रेयसकरःपरः ४७ एतत्तेभिहितंसाधोभवान्पृच्छतियच्चमां यथास्वधर्मसंयुक्तोभक्तोमांसमियात्परम् ॥ ४८ ॥ इतिश्रीभागवतएकादशस्कंधअष्टादशोध्यायः ॥ १८ ॥ ॥ छ ॥

जाने ज्ञान विज्ञान जुक्तहोइ सो शीघ्र मेरेकों पावें ॥ ४६ ॥ सवकों संक्षेपकर तात्पर्य कहतेहैं वर्ण आश्रम वंतनको जो यह आचार रूप धर्म है तिसका फल पितृलोक प्राप्तिहोइ सोई यह धर्म मेरी भक्तिसेमेरेकों समरपण करें तो परम फल मोक्षानंदकों पावें ॥ ४७ ॥ हे साधो यह सब धर्ममें तुमसें कहा जो तुममेरे कों पूछते हो जैसें भक्त स्वधर्म संयुक्त होइ करतो पर ब्रह्म मेरेकों प्राप्त होइ ॥ ४८ ॥ एह श्री भागवतमें महापुराण में एकादशस्कंध में अठारमा अध्याय समाप्तभया ॥ १८ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

अब उन्नीस अध्यायमें विरक्तहोइ जिसकों आत्माका अनुभवहोइ तिसकों ज्ञानादिक कर्तव्य नही यह कहतेहैं यो विद्याकर श्रवण कर आत्म तत्वका अनुभवपर्यंत ज्ञान प्रापतभयाहैं सो प्रपंचकों ऊर प्रपंचकी निवृत्तिकों साधन मेरेविषें माया मात्रजाने ज्ञान अर ज्ञानके साधन सब तजें तिसकों विद्वान् संन्यास कहतेहै ॥ १ ॥ ज्ञानीको आत्मरूपमैही प्रियहों उसको ऊर स्वार्थ कुच्छ न चाहैं परंतु स्वार्थके हेतु मेरेकोंही चाहे तिसतें स्वर्ग ऊर मोक्ष और वीअर्थ मेरेविना उसकों प्रियनही तिसतें उनकों न कुच्छकर्तव्यहैं न पानायोग्यहैं ॥ २ ॥ तहां अनुभव

श्रीभगवानुवाच योविद्याश्रुतसंपन्नआत्मवान्नानुमानिकःमायामात्रमिदं ज्ञात्वाज्ञानंचमयिसंन्यसेत् ॥ १ ॥ ज्ञानिनस्त्वहमेवेष्टःस्वार्थोहेतुश्चसंमतः स्वर्गश्चैवापवर्गश्चनान्यार्थोमदृतेप्रियः ॥ २ ॥ ज्ञानविज्ञानसंसिद्धाः पदंश्रेष्ठंविदुर्मम ज्ञानीप्रियतमोऽतोमेज्ञानेनासौविभर्तिमां ॥ ३ तपस्तीर्थंजपोदानंपवित्राणीतराणिच नालंकुर्वंतितांसिद्धिंयाज्ञानकलयाकृता ॥ ४ ॥ तस्माज्ज्ञानेनसहितंज्ञात्वास्वात्मानमुद्धव ज्ञानविज्ञानसंपन्नोभजमांभक्तिभावतः ॥ ५ ॥ ज्ञानविज्ञानयज्ञेनमामिष्ट्वात्मानमात्मनि सर्वयज्ञपतिंमांवैसंसिद्धिंमुनयोऽगमन् ॥ ६ ॥

प्रमाणवतातेहैं ज्ञानीकी स्तुती करतेहै ज्ञान विज्ञानकर जो सिद्धिकों प्राप्तभयेहैं सो मेरेश्रेष्ठस्थानकों जानतेहैं तिसतें मेरेकों ज्ञानी अति प्रियहै ज्ञानकर मेरेकों धारताहै ॥३॥ तप तीर्थ जप दान ऊरपवित्र साधन तिस सिद्धिकों नही करें जो सिद्धि ज्ञानके लेशकर भईहैं ॥ ४ ॥ हे उद्धव तिसतें तुम ज्ञान रूप मेरे कोंज्ञान विज्ञान जुक्त होइ भक्ति कर मेरेकों भजो ॥ ५ ॥ इसप्रकार मेरेकों अनेक प्रापतभयेहै सो कहतेहैं ज्ञान विज्ञान जज्ञ कर आप विषें मेरी पूजा कर समस्तजज्ञोंकापति उत्तम सिद्धि रूप जो मैं तिसकों मुनि पावते भये ॥ ६ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

तिसतें तुमबी इसी ज्ञानसें धर्ममें प्रवृत्त हो यह कहतेहैं हे उद्धव यह जो इंद्रियांके विकार सो सब मायाहैं परमार्थ वस्तु नही ये विकार देहसें पहिले बी आत्माकों नेंही पीछे बी नही मध्यहैं सो भ्रम जानिये आत्मा शुद्धहैं जन्मादिक बी जो देखतेहैं तदबी देहहीकोंहैं आत्माकों नही अब कहतेहैं देहकों जन्म मरण नही देह माया रूपहै देहके आद अंत जो ब्रह्महैं सो मध्य रहताहैं जो देहही नही सब ब्रह्महीहैं तो देहके जन्म मरणादिक क्यों हैं सब ब्रह्म रूप हैं ब्रह्म न जन्मताहै न मरताहैं निर्विकार ब्रह्महीहै ॥ ७ ॥ इहां उद्धव विशेष ज्ञान पूछताहैं हे विश्वेश्वर हे विश्वमूर्त्ते निश्चय जैसें होइ तैसें वैराग्य जुक्त अर विज्ञान युक्त जो पुरातन यह

स्वप्युद्धवाश्रयतियस्त्रिविधोविकारोमायांतरापततिनाद्यपवर्गयोर्यत् जन्मादयोस्ययदमीतवतस्यकिंस्युराद्यंतयोर्यदसतोऽस्तितदेवमध्ये ॥७॥ उद्धव उवाच ज्ञानंविशुद्धंविपुलंयथैतद्वैराग्यविज्ञानयुतंपुराणम् आख्याहिविश्वेश्वरविश्वमूर्तेत्वद्भक्तियोगंचमहद्विमृग्यं ॥८॥ तापत्रयेणाभिहतस्यघोरेसंतप्यमानस्यभवाध्वनीश पश्यामिनान्यच्छरणंतवांघ्रिद्वंद्वातपत्रादमृताभिवर्षात् ॥ ९ ॥ दष्टंजनंसंपतितंबिलेस्मिन्कालाहिनाक्षुद्रसुखोरुतर्षं समुद्धरैनंकृपयापवर्ग्यैर्वचोभिरासिंचमहानुभाव ॥ १० ॥

विशुद्ध ज्ञानहै सो कहो अर जिसकों ब्रह्मादिकबी खोजतेहैं ऐसें भक्ति जोगकों कहो ॥ ८ ॥ हे ईश यहजो घोर संसार मार्ग तिसमें तीन संतापकर तपत भयाहूं मेरेकों तुमारे चरण द्वंद्व रूप छत्रसें और शरण नही देखीदीहैं यह छत्रकेवल छाया नही करता सब और अमृत वर्सावताहैं ॥ ९ ॥ हे महानुभाव काल सर्प कर काटयाहैं इस संसार कूपमें पडाहैं क्षुद्र सुखोंमें बहुत तृष्णाहैं ऐसे इस जीवकों कृपा कर उद्धार करो और मोक्षकों कहें ऐसे अपने वचन रूप अमृतसें सिंचन करो ॥ १० ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

इतनी विनती सुन श्री कृष्ण कहते भये हे उद्धव इसी प्रकार पहिले राजायुधिष्ठिर हमारे सवनाके सुनतयां धर्मात्मामें श्रेष्ठ भीष्मसें पूछते भये ॥ ११ ॥ भारत जुद्धके निवर्त भये बंधु वधकर व्याकुल भये राजा युधिष्ठिर वहुत धर्मोंकों सुनके पीछेमोक्ष धर्मोंकों पूच्छता भया ॥ १२ ॥ भीष्मके मुखते सुने जो धर्म सो तुमसें मैं कहताहों ज्ञान विज्ञान वैराग्य श्रद्धा भक्ति संयुक्तहैं ॥ १३ ॥ तहां प्रथम ज्ञान कहतेहैं प्रकृति अर पुरुष अरपरम तत्व अहंकार शब्दस्पर्श रूप रस गंध एनव तत्व भये अर एकादश इंद्रिय पंच महाभूत तीन गुणये अठाईं भयेये सव मिल अठाईं तत्व सव प्राणीयोंमें व्याप्त जिस ज्ञान कर देखें ओर इन तत्वोंमें एक परमात्माकों जिस ज्ञान व्याप्त देखें सो निश्चित मेराज्ञान हैं ॥ १४ ॥ जव ज्ञान एक वह कर

श्रीभगवानुवाच इत्थमेतत्पुराराजाभीष्मंधर्मभृतांवरम् अजातशत्रुःपप्रच्छसर्वेषांनोनुशृण्वताम् ॥११॥ निवृत्तेभारतेयुद्धेसुहृन्निधनविह्वलःश्रुत्वाधर्मान्बहून्पश्चान्मोक्षधर्मानपृच्छत ॥ १२ ॥ तानहंतेभिधास्यामिदेवव्रतमुखाच्छ्रुतान् ज्ञानविज्ञानवैराग्यश्रद्धाभक्त्युपबृंहितान् ॥ १३ ॥ नवैकादशपंचत्रीन्भावान्भूतेषुयेनवै ईक्षेताथैकमप्येषुतज्ज्ञानंममनिश्चितम् ॥ १४ ॥ एतदेवहिविज्ञानंनतथैकेनयेनयत् ॥१५॥ स्थित्युत्पत्त्यप्ययान्पश्येद्भावानांत्रिगुणात्मनाम् आदावंतेचमध्येचसृज्यात्सृज्यंयदन्वियात् पुनस्तत्प्रतिसंक्रामेयच्छिष्येततदेवसत् ॥ १६ ॥ श्रुतिःप्रत्यक्षमैतिह्यमनुमानंचतुष्टयं प्रमाणेष्वनवस्थानाद्विकल्पात्सविरज्यते ॥ १७ ॥

व्याप्त एक रूप भाव पहिले देखते भये तैसें अव न देखें एक परम कारण ब्रह्मही देखे सव निश्चय कर यह विज्ञान कहिये ॥ १५ ॥ तहां पूछतेहैं जो सव ब्रह्म रूपही हैं तो जन्मादि क्यों हैं त्रिगुणात्मक भावके जन्म पालन प्रलय देखें जो उत्पत्ति विषें कारण रूप कर ओर मध्य विषें आश्रय रूपकर कार्यसें ओर कार्य्य विषें व्याप्त होतेहैं अर इनके प्रलय विषे जो अव शेष रहतेहैं सो ब्रह्महैं यह देखें ॥१६॥ विज्ञान कह वैराग्य कहतेहैं शब्द प्रत्यक्ष परंपराकी प्रसिद्धि अनुमान इन प्रमान कर प्रपंच मिथ्या थापाहे ऐसें सर्वव्यापक परम तत्वही को जानैं प्रपंच मिथ्याहै इसतें प्रपंचसें विरक्त होइ ॥ १७ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

कदा चित्स्वर्गादिक में सुख भोगहैं तहांकी इच्छा होइ तो विरक्त कैसें होइ तहां कहतेहैं ब्र ह्म लोक पर्यंत स्वर्गादिकका सुख इस लोककी न्याइ जो पंडितहै सो दुख रूप मिथ्या देखें जिसतें कर्मोंका फलहैं ॥१८॥ वैराग्य कह भक्ति कहतेहैं हेनिष्पाप मैं भक्ति जोग पहिलेही तुमसें कहाहैं अब फेर अपनी भक्तिका परम कारण मैं प्रीति जुक्त तुमसें कहताहां १९ प्रथम अमृ त रूप मेरी कथामें श्रद्धा होइ कथाके श्रवणकों आदरहोइ सुनें पीछे निरंतर मेरा कीर्तन करे

कर्मणांपरिणामित्वादाविरिंच्यादमंगलं विपश्चिन्नश्वरंपश्येददृष्टमपिदृष्ट वत्॥१८॥ भक्तियोगःपुरैवोक्तःप्रीयमाणायतेनघ पुनश्चकथयिष्यामिमद्भ क्तेःकारणंपरं ॥ १९ ॥ श्रद्धामृतकथायांमेशश्वन्मदनुकीर्तनं परिनिष्ठा चपूजायांस्तुतिभिःस्तवनंमम॥ २० ॥ आदरःपरिचर्य्यायांसर्वांगैरभिवंद नं मद्भक्तपूजाभ्यधिकासर्वभूतेषुमन्मतिः ॥ २१ ॥ मदर्थेष्वंगचेष्टाचवच सामद्गुणेरणं मय्यर्पणंचमनसःसर्वकामविवर्जनं॥ २२ ॥ मदर्थेऽर्थपरित्या गोभोगस्यचसुखस्यच इष्टंदत्तंहुतंजप्तंमदर्थंयद्व्रतंतपः ॥ २३ ॥

अर स्तोत्रों कर स्तुति करे॥ २० ॥ मेरी पूजामें तत्परहोइ सर्वांग कर नमस्कार करे आदर कर मेरे भक्तोंकी अधिक पूजाकरें सब भूत मात्रमें मेरी बुद्धि राखे ॥ २१ ॥ लौकिक कार्योंको मेरे निमित्त करें वचन करमेरे गुण कहतारहे मन मेरे रूपहीमें अर्पणकरें सबकामका त्याग करें॥२२॥ मेरे निमित्त अर्थका त्याग करें भोग अर सुख का त्याग करें विषय भोग न करे यज्ञ दान होम जप तप मेरे लिये करें ॥ २३ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

हे उद्धव इसप्रकार इन धर्मोंसहित जो मेरेविषैं आत्मा निवेदन करतेहैं तिन मनुष्योंकों प्रेम लक्षणा भक्ति उपजे तव और करना कुछ न रहे ॥ २४ ॥ जव शांत सत्व गुणकर वृंहित चित्त मेरेविषैंलगाये तव और सव धर्म ज्ञान वैराग्य ऐश्वर्य आपहीसैं होताहैं ॥ २५ ॥ अर जो यह चित्त ग्रह कुटुंवमें आसक्त होइ जव इंद्रियोंकर भ्रमैं तव अधिक मलिनचित्त मिथ्या विषैं आसक्त होइ तिसतैं अधर्मा भिषिक्त होतेहैं ॥ २६ ॥ धर्म सोई जो मेरी भक्ति करे ज्ञानसोइ जो आ

एवंधर्मैर्मनुष्याणामुद्धवात्मनिवेदिनां मयिसंजायतेभक्तिःकोऽन्योऽर्थोऽस्यावशिष्यते ॥२४॥ यदात्मन्यर्पितंचित्तंशांतंसत्त्वोपवृंहितं धर्मं ज्ञानंसवैराग्यमैश्वर्यंचाभिपद्यते ॥ २५ ॥ यदर्पितंतद्विकल्प इंद्रियैःपरिधावति रजस्वलंचासन्निष्ठंचित्तंविद्धिविपर्ययं ॥ २६ ॥ धर्मोमद्भक्तिकृत्प्रोक्तोज्ञानंचैकात्म्यदर्शनं गुणेष्वसंगोवैराग्यमैश्वर्यंचाणिमादयः ॥ २७ ॥ उद्धवउवाच यमः कतिविधः प्रोक्तोनियमोवारिकर्षण कःशमःकोदमःकृष्ण कातितिक्षाधृतिः प्रभो ॥ २८ ॥ किंदानंकिंतपःशौर्यंकिंसत्यमृतमुच्यते कस्त्यागःकिंधनंचेष्टंकोयज्ञःकाचदक्षिणा ॥२९॥पुंसःकिंस्विद्बलंश्रीमन्भगोलाभश्चकेशव काविद्याह्रीःपराकाश्रीःकिंसुखंदुःखमेवच ॥ ३० ॥

त्म रूप देखे इंद्रियोंके धर्म में आसक्तनहोइ सोवैराग्य ऐश्वर्य्य अणिमादिक और नहीं २७ इहा उद्धवजी पूछतेहैं हेशत्रु नाशक हे कृष्ण हे प्रभो संजम निजम कितने प्रकारकेहै शम दम किससैं कहतेहैं क्षमा धैर्यक्याहै ॥ २८ ॥ दान तप शौर्य सत्य ऋत त्याग धन इष्ट यज्ञ दक्षिणाक्याहै ॥ २९ ॥ हे श्रीमंत पुरुष का वल क्या हैं भाग्य लाभ क्याहै परम विद्याक्याहै लज्जा श्री दुःख सुखक्याहैं ॥ ३० ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

पंडित कौनहै मूरख कौनहै मार्ग उन्मार्ग कौनहै स्वर्ग नर्क कौनहै बंधु गृह कौनहैं ॥३१॥ धनी दरिद्री कौनहैं कृपण ईश्वर कौन ये प्रश्नहै हेसाधुयोंके पति मेरेकों कहो ॥ ३२॥ तब श्रीकृष्ण उत्तर देतेहैं हिंसा न करें सत्य बोलें मन कर पराई वस्तुकों न चुरावे आसक्ति कहीं न राखें लज्जा असंचयधर्ममें विश्वासब्रह्मचर्य्य मानस्थैर्य्य क्षमा अभय येबारां संजमकेहैं ॥३३॥ शौचदोई प्रकारके शौच तप जप होम श्रद्धा आतिथ्यभाव मेरी पूजा तीर्थ यात्रा परोपकार संतोषआचार्य सेवा येबारांनियमहैं ॥४३॥ जोये संजम नियम नित्य करे जोजो चाहें सो सब पूर्णहो जावे ॥३५॥ अब शम दम कहतेहैं मेरे विषें बुद्धि स्थिरहोइ सो शम कहिये केवल शांति शम न कहावें इं

कःपंडितःकश्चमूर्ख कःपंथाउत्पथश्चकः कःस्वर्गोनरकःकःस्वित्कोवंधुरुत किंगृहं ॥ ३१ ॥ कआढ्यःकोदरिद्रोवाकृपणःकःकईश्वरः एतान्प्रश्नान्मम ब्रूहिविपरीतांश्चसत्पते ॥ ३२ ॥ श्रीभगवानुवाच अहिंसासत्यमस्तेयम संगोह्रीरसंचयः आस्तिक्यंब्रह्मचर्यंचमौनंस्थैर्यंक्षमाऽभयं ॥३३॥ शौचंजपस्तपोहोमःश्रद्धाऽऽतिथ्यंमदर्चनं तीर्थाटनंपरार्थेहातुष्टिराचार्यसेवनम्३४ एतेयमाःसनियमाउभयोर्द्वादशस्मृताः पुंसामुपासितास्तातयथाकामंदुहंतिहि ॥३५॥ शमोमन्निष्ठताबुद्धेर्दमइंद्रियसंयमःतितिक्षादुःखसंमर्षोजिह्वोपस्थजयोधृतिः ॥ ३६ ॥ दंडन्यासःपरंदानंकामत्यागस्तपःस्मृतं स्वभावविजयः शौर्यंसत्यंचसमदर्शनं ॥ ३७ ॥ ऋतंचसूनृतावाणीकविभिः परिकीर्तिता कर्मस्वसंगमःशौचंत्यागःसंन्यासउच्यते ॥ ३८ ॥

द्रियांको संजम दम कहिये चोर दुष्टका मारणा दमनही दुःखका सहारणा सो क्षमा भार बहुत सहे सो क्षमा नही जिह्वा अर उपस्थ वेग सहे सो धैर्य उद वेग मनकों न उपजे इतनाही धैर्य नही ॥ ३६ ॥ प्राणीकों द्रोह न करे यह परम दान धनका त्याग दान नही कामका त्याग सो तप कहिये कृच्छ्र चांद्रायन तप नही स्वभावकों जीते सो शौर्य कहिये पराक्रम शौर्य नही ब्रह्मका दर्शन सत्य कहिये जथार्थ भाषन सत्य नही ३७ जो सत्य होइ और प्रिय वचन होइ तिसतें ऋत कहिये कर्ममें जो आसक्त नहोइ सो शौच त्याग संन्यास कहिये ॥ ३८ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

मनुष्योंका श्रेष्ठ धन धर्महैं पशुपुत्रादिक धन नही परमेश्वर सोई जो मेरी बुद्धि कर जज्ञकर्म बुद्धि करन करें मेरे ज्ञानका उपदेश सो तिसकी दक्षिणाहै सुवर्णादि धन दक्षिणानही प्राणायाम करमनकों वस करें सोई परम वलहै ॥ ३९ ॥ मेरा ऐश्वर्य सो भाग्यहैं लौकिक संपत्ति भाग्यनही मेरी भक्तिपावें सोई परम लाभहै धनका लाभनही आत्मामें भेद बुद्धि दूर होइ सोई विद्याहै केवल ज्ञान मात्र विद्या नही अधर्मका वुराजान संकोचकरत्यागकरें सो लज्जाहैं केवल लज्जालज्जानही ॥ ४० ॥ भले गुण जोहोतेहैं सो शोभाहै भूषण शोभानही दुःखसुखका स्मरन न करें सोई सुखभोग सुखनही वंध मोक्षकों जाने सो पंडित केवल शास्त्र पडेसें पंडित नही भोग सुखकी इच्छा दुःख अग्निदाहादि दुःख नही ॥ ४१ ॥ देहादिक में जिसके अहंकारहैं सो मूर्खहै मार्ग जोहै जिस कर मेरेकों पावें कंडियांसें रहित सो सन्मार्ग नही जहा मन चंचल होइ संसारमें फर प्रवृत्त होइ सो उन्मार्ग उत्पथ मार्ग कहियें चोरोकर व्याप्त उत्पथ

धर्मइष्टंधनंन्दृणांयज्ञोहंभगवत्तमः दक्षिणाज्ञानसंदेशःप्राणायामः परं वलं ॥ ३९ ॥ भगोमऐश्वरोभावोलाभोमद्भक्तिरुत्तमा विद्यात्मनिभिदावाधोजुगुप्साह्रीरकर्मसु ॥ ४० ॥ श्रीर्गुणानैरपेक्षाद्याःसुखंदुःखसुखात्ययःदुःखंकामसुखापेक्षापंडितोवंधमोक्षवित् ॥ ४१ ॥ मूर्खोदेहाद्यहंवुद्धिःपंथामन्निगमःस्मृतः उत्पथश्चित्तविक्षेपः स्वर्गःसत्त्वगुणोदयः ४२ नरकस्तमउन्नाहोवंधुर्गुरुरहंसखे गृहंशरीरंमानुष्यंगुणाढ्योह्याढ्यउच्यते ॥ ४३ ॥ दरिद्रोयस्त्वसंतुष्टःकृपणोयोऽजितेंद्रियः गुणेष्वसक्तधीरीशोगुणसंगोविपर्ययः ॥ ४४ ॥ एतउद्धवतेप्रश्नाःसर्वेसाधुनिरूपिताः किंवर्णितेनवहुनालक्षणंगुणदोषयोः ॥ ४५ ॥ गुणदोषदृशिर्दोषोगुणस्तूभयवर्जितः ४६ इतिश्रीभागवतएकादशस्कंधे एकोनविंशोऽध्यायः ॥१९॥

नर्क है सत्व गुण अधिक होइ राजसतामस गुणन होइ सोई स्वर्गहै इंद्रलोक स्वर्ग नही ॥ ४२ ॥ तमोगुण अधिक होई सोई नर्क है और नर्कनही और वंधु सव वंधु नही परम वंधु गुरू है सो गुरू मैंहा है प्रिय मनुष्य कों शरीर गृह है घर नही जो गुण कर संपन्न सो धनी और धनी नही ॥ ४३ ॥ जो सदा असतोष राखें सो दरिद्रीहै धनहीन दरिद्री नही जो इंद्रिय जीत नसकें सो कृपणहै दीन कृपण नही विषयोंमें जो आसक्त नही स्वाधीनहै सो ईश्वर हैं राजा स्वाधीन नही जो गुणोंमें आसक्त सो परवशहैं ॥ ४४ ॥ हे उद्धव ये तुमारे प्रश्न सव न्यारे २ कहे वहुत कथा वरणन करें गुणदोष का लक्षण इतनाहीहै ४५ जो सवनाके गुण दोष विचारतेरहें यही दोषहैं और नगुण देखें नदोष देखें सो गुण हैं एह श्रीभागवतमैं एकादशस्कंधमैं भाषाटीकामैं उन्नियांअध्याय समाप्त भया ॥ १९ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

बीसमें अध्यायमें भक्ति ज्ञान क्रिया येतीन जोग कहेंगे अधिकारियोंके विभागसें गुण दोषोंकी व्यवस्थाके लिये तहा उद्धव पूछतेहैं हे श्रीकृष्ण विधिनिषेध वेदनेकहेहैं सोवेद तुमारी आज्ञाहै तुम सवानाके ईश्वर हो तिनको आज्ञाहैसो कर्मोंके पुण्य पापोंकों देखतेहैं ॥ १ ॥ उन धर्मोंके अधिकारी उत्तम मध्यम हीन तीन प्रकारकेहैं सो सो वर्ण आश्रम न्यारेहैं तिनको गुण दोष सबवेद देखतेहैं प्रति लोम अनु लोम यह गुण दोषतेहैं द्रव्य देश वय कालके गुण स्वर्ग नरक पुण्य पापका फल इन सबकों वेद देखतेहैं ॥ २ ॥ अत्र तुम कहतेहो गुण दोष छोडके धर्ममें प्रवृत्त होइ सोगुण दोष भेद दृष्टि विना विधिनिषेध तुमारे वचन मनुष्योंकों कैसे फल दायक होइ

उद्धवउवाच विधिश्चप्रतिषेधश्चनिगमोहीश्वरस्यते अवेक्षतेरविंदाक्षगुणंदोषंचकर्मणां ॥ १ ॥ वर्णाश्रमविकल्पंचप्रतिलोमानुलोमजं द्रव्यदेशवयःकालान्स्वर्गंनरकमेवच ॥२॥ गुणदोषभिदादृष्टिमंतरेणवचस्तव निःश्रेयसंकथंनृणांनिषेधविधिलक्षणं ॥ ३॥ पितृदेवमनुष्याणांवेदश्चक्षुस्तवेश्वर श्रेयस्त्वनुपलब्धेर्थेसाध्यसाधनयोरपि ॥४॥ गुणदोषभिदादृष्टिर्निगमात्तेनहिस्वतःनिगमेनापवादश्चभिदायाइतिहभ्रमः॥ ५॥ श्रीभगवानुवाच योगास्त्रयोमयाप्रोक्तान्नृणांश्रेयोविधित्सया ज्ञानंकर्मचभक्तिश्चनोपायोन्योस्तिकुत्रचित् ॥ ६ ॥ निर्विण्णानांज्ञानयोगोन्यासिनामिहकर्मसु तेष्वनिर्विण्णचित्तानांकर्मयोगस्तुकामिनां ॥ ७ ॥

॥ ३ ॥ हे ईश्वर पितर देवते मनुष्योंको तुमारे वेदही सो मोक्ष अर स्वर्गादिकोंमें सेष्ट प्रमाणहैं और साधन विषें प्रमाणहैं ॥ ४ ॥ और गुण दोषके भेदकों ज्ञान तुमारे वेदहीतें हैं आपतें नही गुण दोष दृष्टि नराखें अत्र तुमहीकहो तिसतें मेरेकों भेद भ्रमहोताहैं तहा श्रीकृष्ण कहतेहैं ॥५॥ हे उद्धव मनुष्योंके कल्याणकों वेदमैं तीन जोगमै कहेहैं ज्ञान कर्म भक्ति इनसें और उपाय कहीं नहीं ॥ ६ ॥ इनके अधिकारी न्यारे न्यारेहैं एकही नही सो कहतेहैं इनमैंजोजीव कर्मोतें विरक्तहैं फल कुच्छ न चाहैं तिनकों ज्ञान जोग कहाहै और जो कर्मोंमें विरक्त नही इसतें कामना वालेहै तिनकें फलोंमैं विरक्तनही तिनकों कर्म योग कहाहै ॥ ७ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

किसी भाग्य कर मेरी कथामें जिसकी श्रद्धाभईहोइ अतिविरक्तबी नहोइ अति आसक्तवीन होइ तिसकों भक्ति योग कहाहै तिसकों सिद्धिदाताहो ॥ ८ ॥ तहां प्रथम कर्मजोगकों कहते हैं कर्म तहातक करें जहातक वैराग्यन उपजे और मेरी कथाश्रवण आदिमें श्रद्धान उपजे ॥ ९ अव वैराग्य जैसें होइ सो प्रकार कहतेहैं हे उद्धव स्वधर्ममें स्थितहोइ फलकी इछा छोडज ज्ञ निष्काम करें तव इनकों न स्वर्गहोइ न नर्क होइ जो और आचर्ण न करे ॥ १० ॥ इसलों कमैं स्वधर्म में स्थित होइ निषिद्धका त्यागकरें तव मन शुद्धहोइ तव विशुद्ध ज्ञानकों पावें अ थवा किसी भाग्य कर मेरी भक्तिपावें ॥ ११ ॥ ज्ञान भक्तिकों यह मनुष्य देह करताहैं ति

यदृच्छयामत्कथादौजातश्रद्धस्तुयःपुमान् ननिर्विण्णोनातिसक्तोभक्ति योगोस्यसिद्धिदः ॥ ८ ॥ तावत्कर्माणिकुर्वीतननिर्विद्येतयावता मत्कथा श्रवणादौवाश्रद्धायावन्नजायते ॥ ९ ॥ स्वधर्मस्थोयजन्यज्ञैरनाशीःकामउ द्धव नयातिस्वर्गनरकौयद्यन्यन्नसमाचरेत् ॥ १० ॥ अस्मिंल्लोकेवर्तमानः स्वधर्मस्थोनघःशुचिः ज्ञानंविशुद्धमाप्नोतिमद्भक्तिंवायदृच्छया ॥ ११ ॥ स्वर्गिणोप्येनमिच्छंतिलोकंनिरयिणस्तथा साधकंज्ञानभक्तिभ्यामुभयंत दसाधकं ॥ १२ ॥ ननरःस्वर्गतिंकांक्षेन्नारकींवाविचक्षणः नेमंलोकंचकांक्षे त देहावेशात्प्रमाद्यति ॥ १३ ॥ एतद्विद्वान्पुरामृत्योरभवायघटेतसः अ प्रमत्तइदंज्ञात्वामर्त्यमप्यर्थसिद्धिदं ॥ १४ ॥ छिद्यमानंयमैरेतैःकृतनी डंवनस्पतिं खगःस्वकेतमुत्सृज्यक्षेमंयातिह्यलंपटः १५

सतें मनुष्य देह उत्तमहैं सो कहतेहैं जोस्वर्गमैंहै अरु नरकमें हैं सो मनुष्य देहकी वांच्छाकरते हैं जिस देहतें ज्ञान भक्तिकर मोक्षहोताहैं स्वर्ग और नरक जो शरीरहैं सो मोक्ष साधकनहीं ॥ १२ ॥ चतुरमनुष्यहोइ सोस्वर्गकी गतिनचाहे जैसें नरक गतिनचाहैं और यह लोक नचाहैं जिसतें देहके आवेशतें प्रमाद होइ ॥ १३ ॥ अर्थ सिद्धिके दातावी मनुष्यदेहकों जान मृत्यु सें पहिलें सावधान मनुष्य मोक्षका जतन करें ॥ १४ ॥ सावधानं मुक्त संग जो पुरुष सो सब पावें इहां दृष्टांत कहतहैं जैसें पक्षीनें एक तरूपर घर किया तिसकों निर्दय पुरुष आइ काटि तिसकों काटते इह जानके अनासक्तहोइ कर घर छोड देइ जीवें ॥ १५ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

तैसैंही अहो रात्र करकें काल आयुर्बलकों काटताहैं यह जान भय करकें कांपते इस देहकी आस क्ति छोड आत्माकों जान सब कृत्य छोड शांत चित्त होइ रहैं ॥ १६ ॥ ऐसे देहकों जानके सावधान न होइ तिनकी निंदा करतेहैं यह मनुष्यदेह अत्यंत दुर्लभहैं अनेक जन्मकर पाइहैं सा धनकों समर्थ हैं संसार समुद्र तरणकों नावहैं तहां गुरुहैं सो नावचलावन वालाहैं तहा मेरेस्मरन अनु कूल पवन कर प्रेरित ऐसे साधन पाइ जो संसार समुद्रकों न तरैं सो आत्म घातीहैं यह मनुष्य अचतुरहैं ॥ १७ ॥ यह कर्म जोग जोविरक्त न होइ तिसकों कहा अब जोविरक्त होइ तिसकों ज्ञान उपजे तिसकों ज्ञानतें पहिले जो कर्तव्यहैं सो प्रकार कहतेहैं जब कर्मोंमैं उ द्वेग होइ वैराग्य उपजे तब इंद्रियांकों निग्रह करैं स्थिर जैसेंहोइ तैसें आत्माके अभ्यास कर

अहोरात्रैश्छिद्यमानंबुद्ध्वायुर्भयवेपथुः मुक्तसंगःपरंबुद्ध्वानिरीहउपशाम्यति
१६ नृदेहमाद्यंसुलभंसुदुर्लभंप्लवंसुकल्पंगुरुकर्णधारं मयानुकूलेननभस्वते
रितं पुमान्भवाब्धिंनतरेत्सआत्महा ॥ १७ ॥ यदारंभेषुनिर्विण्णोविरक्तः
संयतेंद्रियः अभ्यासेनात्मनोयोगीधारयेदचलंमनः १८ धार्यमाणंमनोयर्हि
भ्राम्यदाश्वनवस्थितम् अतंद्रितोनुरोधेनमार्गेणात्मवशंनयेत्॥१९॥मनोग
तिंनविसृजेज्जितप्राणोजितेंद्रियः सत्वसम्पन्नयाबुद्ध्यामनआत्मवशंनयेत्
२० एषवैपरमोयोगोमनसःसंग्रहःस्मृतः हृदयज्ञत्वमन्विच्छन्दम्यस्येवा
र्वतोमुहुः॥ २१ ॥ सांख्येनसर्वभावानांप्रतिलोमानुलोमतः भवाप्ययावनु
ध्यायेन्मनोयावत्प्रसीदति ॥ २२ ॥

मनकों निग्रह करे तब यह जोगी होइ ॥ १८ ॥ मनकों निग्रह करेसें जब चंचल होइ तब साव धानहोइ कुच्छ मनकी आकांक्षा पूरण कर फेर मनकों वसकरें ॥ १९ ॥ मनकी धारणा छोडें न हीं प्राण वायुजीतें इंद्रिय जीतें सात्विक बुद्धि कर मन अपने वश करें ॥ २० ॥ यह मनकों नि ग्रह निश्चे कर उत्तम जोगहैं जैसें अश्वकों प्रिय चाल चलाये चाहे सो घोराकी गति अनुसरें तिस पीच्छे घोडे कों थाम कर चलावे ॥ २१ ॥ सब तत्वोंकों विवेक कर प्रकृतिसें उ त्पत्तिका क्रम विचारैं पृथिवी आदिकम कर प्रति लोभसें लीन होतेहैं ऐसा ध्यान करते रहैं जहाता ई चित्त प्रसन्न होइ ॥ २२ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

जब चित्तमें वैराग्य उपजे तब गुरुबतावै जो धर्म तिसका विचार करे तब क्रमसें यह चित्त देहका अभिमान च्छोडे ॥ २३ ॥ संजम नियम आदि योग धारणा आत्म विचार औरें मेरी प्रतिमाकी सेवा इन उपायों कर जोग्य परमात्माको मन स्मरन करें और उपाय मेरे स्मरनका नही ॥ २४ ॥ जो प्रमादसें जोगी कुच्छ निंदितकर्म करें तो जोगाभ्याससकर वह पाप दूर करें इसको कही ओर प्रायश्चित्तनही ॥ २५ ॥ अपने अपने अधिकारमें जो रहना सोइ गुण हैं प्रवृत्त मार्ग स्वभाव हीसें अशुद्धहैं ॥ २६ ॥ तथापि सहसा च्छुडानेकी इच्छा करके गुण

निर्विण्णस्यविरक्तस्यपुरुषस्योक्तवेदिनः मनस्त्यजतिदौरात्म्यंचिंतितस्यानुचिंतया ॥ २३ ॥ यमादिभिर्योगपथैरान्वीक्षिक्याचविद्यया ममार्चोपासनाभिर्वानान्यैर्योग्यंस्मरेत्ततः ॥ २४ ॥ यदिकुर्यात्प्रमादेनयोगीकर्मविगर्हितं योगेनैवदहेदंहोनान्यत्तत्रकदाचन ॥ २५ ॥ स्वेस्वेऽधिकारेयानिष्ठासगुणःपरिकीर्त्तितः कर्मणांजात्यशुद्धानामनेननियमः कृतः गुणदोषविधानेनसंगानांत्याजनेच्छया ॥२६॥ जातश्रद्धोमत्कथासु निर्विण्णःसर्वकर्मसु वेददुःखात्मन्कामान्परित्यागेप्यनीश्वरः ॥ २७ ॥ ततोभजेतमांप्रीतःश्रद्धालुर्दृढनिश्चयः जुषमाणश्चतान्कामान्दुःखोदर्कांश्चगर्हयन् ॥ २८ ॥ प्रोक्तेनभक्तियोगेनभजतोमाऽसकृन्मुनेः कामाहृदय्यानश्यंतिसर्वेमयिहृदिस्थिते ॥ २९ ॥

दोष कह इन कर्मोके संकोच द्वारा निवृत्ति करें ॥ २६ ॥ मेरी कथमें श्रद्धा उपजे कर्मोमें वैराग्य उपजे काम्य कर्मोको दुःख रूपजाने इतनें परत्याग नही कर सकतेहैं ॥ २७ ॥ श्रद्धा जुक्त होई दृढ निश्चे कर तब प्रीतिसें मेरा भजन करें विषय भोग करतेहैं आसक्तन होइ भजन प्रकार कहतेहैं ॥ २८ ॥ पहिलेमें भक्ति जोग तुमसें कहाहै तिस रीतिसें निरंतर मुनिमेरा भजन करें तब सबकामना मनकी नष्ट होतीहै जब मैं उसके हृदेमें स्थितहुं ॥ २९ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

सवनाके आत्मा रूप कर मेरेकों देखे तब हृदयकी ग्रंथि छूट जाइ सब संदेहजातेहैं कर्म सवक्षी णहोतेहैं ॥ ३० ॥ तिसतें मेरी भक्ति कर सयुक्त होइ चित्त मेरे विषें जुक्त किया होइ तिस जोगी कों निश्च कर इस लोकमें वहुधान ज्ञानहैं न वैराग्यहै ॥ ३१ जो फल कर्म तप ज्ञान वैरग्य जो ग दान धर्म कर होइ और तीर्थ जात्रादिक साधन करहोतेहै ॥ ३२ ॥ सोसब मेरी भक्ति कर मेरा भक्त सुखसें स्वर्गमोक्ष और वैकुंठ जो मेरा धामहैं तिसीकों पावें परंतु मेरेभक्त चाहना नहीं करतेहैं ॥ ३३ ॥ जो वुद्धिवंतहै मेरेहीविषें प्रीतिहैं परम साधुहैं तिनकों मैं मोक्ष देताहुं वह कुच्छ

भिद्यतेहृदियग्रंथिश्छिद्यंतेसर्वसंशयाः क्षीयंतेचास्यकर्माणिमयिदृष्टेखिलात्मनि ॥ ३० ॥ तस्मान्मद्भक्तियुक्तस्ययोगिनोवैमदात्मनः नज्ञानंनच वैराग्यंप्रायःश्रेयोभवेदिह ॥ ३१॥ यत्कर्मभिर्यत्तपसाज्ञानवैराग्यतश्चयत् योगेनदानधर्मेणश्रेयोभिरितरैरपि ॥ ३२ ॥ सर्वमद्भक्तियोगेनमद्भक्तो लभतेंजसा स्वर्गापवर्गमद्धामकथंचिद्यदिवांच्छति ॥ ३३ ॥ नकिंचित्साधवोधीराभक्ताह्येकांतिनोमम वांच्छंत्यपिमयादत्तंकैवल्यमपुनर्भवं ॥ ३४ ॥ नैरपेक्ष्यंपरंप्राहुर्निःश्रेयसमनल्पकं तस्मान्निराशिषोभक्तिनिरपेक्षस्यमेभवेत् ॥ ३५ ॥ नमय्येकांतभक्तानांगुणदोषोद्भवागुणाः साधूनांसमचित्तानांवुद्धेःपरमपेयुषाम् ॥ ३६ ॥ एवमेतान्मयादिष्टाननुतिष्ठंतिमेपथः क्षेमंविंदंतिमत्स्थानंयद्ब्रह्मपरमंविदुः ॥ ३७ ॥ इतिश्रीभागवतएकादशस्कंधेविंशोऽध्यायः ॥ २० ॥ ७ ७ ७ ७ ७

नही चाहतेहैं ॥ ३४ ॥ मेरी निरपेक्ष भक्ति सोई वडा परम कल्याण रूप हैं तिसते मेरेमैं निष्काम भक्ति निष्काम भक्त कों होइ ॥ ३५ ॥ जो मेरे विषें एकांत राग द्वेष रहितहैं ईश्वरकों प्राप्तहैं साधुहै तिनकों विधि निषेधके गुण पुण्य पाप लगते नही ॥ ३६ ॥ इस प्रकार मेरे मार्गमें जो रहतेहैं सो परम कल्याण रूप मेरे धामकों प्राप्त होतेहैं इसको पर ब्रह्म कहतेहैं ॥ एह श्रीभागवतमें भाषा टीकामें एकादश स्कंधमें भावार्थ दीपिकामें वीसमा अध्याय समाप्त भया ॥ २० ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

अब इकीस अध्यायमें क्रिया ज्ञान भक्ति विषें अविकारसें रहित सकाम वहिर्मुखोंकी निंदा कर तेहैं श्रीकृष्ण कहतेहैं हे उद्धव जो मेरावताया मार्गभक्तिज्ञान निष्काम कर्म तिनकों छोड चंचल प्राणोंकर तुच्छ कामनाकों सेवतेहैं सो संसारकों प्राप्त होतेहैं ॥ १ ॥ इहांपूछतेहैं अहो उनही कर्मोंकर किसीकों गुणदोष उपजताहै किसीकों नही उपजे सो कहतेहैं जैसे अग्नि कर किसीकों तापहोताहैं किसीकों नहीहोताहैं एसे तो संभवमें नहीं आवताहैं तहां कहतेहैं अपने अपने अधिकार विषें जो स्थित सो गुणकहा इसतें विपरीत सो दोषहैं दोनोंका यह निश्चैहैं ॥ २ ॥ सो कहतेहैं यह शुद्धहै लीजियें यह अशुद्धहै नलीजियें समानही वस्तु विषें इस विचारके लिये शुद्ध अशुद्ध कहेहैं तिनतें गुणदोष होताहै तिनतें शुभ अशुभ होताहै ॥ ३ ॥ हे निष्पाप धर्मके भारकों जो वहतेहै तिनकों यह आचार मेराई दिखायाहै तहां धर्मके लिये शुद्धि अशुद्धि कहीहै

श्रीभगवानुवाच ॥ यएतान्मत्पथोहित्वाभक्तिज्ञानाक्रियात्मकान् क्षुद्रान्कामांश्चलैःप्राणैर्जुषंतः संसरंतिते ॥ १ ॥ स्वेस्वेधिकारेयानिष्ठासगुणः परिकीर्तितः विपर्ययस्तुदोषः स्यादुभयोरेषनिश्चयः ॥ २ ॥ शुद्ध्यशुद्धी विधीयेतेसमानेष्वपिवस्तुषु द्रव्यस्यविचिकित्सार्थंगुणदोषौशुभाशुभौ ३ धर्मार्थंव्यवहारार्थंयात्रार्थमितिचानघ दर्शितोयंमयाचारोधर्ममुद्वहतांधुरं ॥ ४ ॥ भूम्यंब्वग्न्यनिलाकाशाभूतानांपंचधातवः आब्रह्मस्थावरादीनांशारीराआत्मसंयुताः ॥ ५ ॥ वेदेननामरूपाणिविषमाणिसमेष्वपि धातुषूद्धवकल्प्यंतएतेषांस्वार्थसिद्धये ॥ ६ ॥

शुद्धहोइतो धर्म होइ अशुद्धहोइ तो पापहोइ और व्यवहारमें राजा आदि लौकिक प्रभुमें एक अशुद्ध जो देखियें तो वह अशुद्धि न गनिये जिसतें व्यवहार नचलें और स्थान होइ तो ना लीजिये प्राणरक्षाके लिये अशुद्धिभई होइ तो दोष नहीं जैसे आपादामें शरीर निर्वाह मात्र ग्रहन करे तो पापनहीं अधिक लइतो पापहै संदेह निवृत्तिलिये मै मनुआदि रिषिरूपहोइ यह कहीहै ४ ॥ अब एकही वस्तुहै समानहै तिसीमें शुद्धि अशुद्धि करतेहैं सो कहतेहैं पृथवी जल वायु आकाश बल आदि जड पर्यंत सबनाके शरीरके कारण पंचमहा भूतहै और आत्मावीसर्व एकहीहै ५ ॥ समानदेह विषें वेदने नाम रूपवर्ण आश्रम सव भिन्न कियेहैं हे उद्धव इनके स्वार्थ सिद्धिके निमित्त ॥ ६ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

अब देश कालके भेद कहतेहैं हे परम श्रेष्ठ देश कालादि भावोंके अर वस्तुयांके गुण दोषमैं कि येहैं कर्मोंके नियमोंके निमित्त कहते हैं उत्तम देशहीमैं कर्म करें बुरे देशमै न करें ॥ ७ ॥ जिस देशमैं कृष्णसार मृग नहोइ सो देश अशुद्धहैं अर सतपात्र रहित देश मारजन रहित देश ऊख र देश ये अशुद्धहै जहा ब्राह्मणमैं भक्ति नहोइ सो परम अशुद्धहैं अगवंग कलिंगादिक देश अ शुद्धहैं जहा काले मृग होइ सत पात्र होइ सो अशुद्ध देशवी शुद्धहैं देशकी शुद्धि अशुद्धि क ही कालकी शुद्धि कहतेहैं ॥ ८ ॥ द्रव्यकी संपत्ति करके कर्मकों जोग्य जो कालहैं अर आपतें प्रात पूर्वाह्न मध्याह्न आदि जो काल कर्मकों जोग्यहैं सो तिस कर्मकों शुद्धहैं जो सूतकादिक काल कर्मकों जोग्य नही सोकाल अशुद्धहै जद्यपि काल सब एकहैं तथापि यह भेदकियाहै ॥९॥ अब द्रव्यकी शुद्धि कहतेहैं द्रव्यकों शुद्ध जल करतेहैं मूत्रादिक कर अशुद्धिहैं के ब्रह्मणकों व

देशकालादिभावानांवस्तूनांममसत्तम गुणदोषौविधीयेतेनियमार्थंहिकर्म णाम् ॥७॥ अकृष्णसारोदेशानामब्रह्मण्योऽशुचिर्भवेत् कृष्णसारोप्यसौ वीरकीकटासंस्कृतोरिणं ॥ ८ ॥ कर्मण्योगुणवान्कालोद्रव्यतःस्वतएववा यतोनिवर्त्ततेकर्मसदोषोकर्मकःस्मृतः ॥९॥ द्रव्यस्यशुद्ध्यशुद्धीचद्रव्येणवच नेनच संस्कारेणाथकालेनमहत्वाल्पतयाथवा ॥ १० ॥ शक्त्याशक्त्याथ वाबुद्ध्यासमृद्ध्याचयदात्मने अघंकुर्वंतिहियथादेशावस्थानुसारतः ॥ ११

चन प्रमाणहै वह कहतेहैं यह वस्तु शुद्धहैं तो शुद्धहीहै अशुद्ध कहे तो अशुद्धहीहै पुष्प सूंघेतो अशुद्ध होइ प्रोक्षणादिक संस्कार कर शुद्ध होइ जलकी शुद्धि काल करकेहैं नया जल निकले तो दश दिन उपरंत वह शुद्धहोइ चांडालादिकके सपरशतें तलाका पानी वहुत भाराहोइ तो कोई मरो वह यल शुद्धहैं और थोडा जल होइ तो अशुद्धहै ॥ १० ॥ अब यथा शक्ति शुद्धिक हतेहैं सूर्य ग्रहणहैं जिसकों शक्ति होइ तिसकों सूतक लगे स्नान दान कर शुद्धहोइ और जो अशक्तहैं तिसकों शुद्धिहैं जीर्ण वस्त्र मलिन वस्त्र श्रीमंतकों अशुद्धहैं दरिद्रीकों शुद्धिहैं सूतकका अन्नहै समर्थ होइ तिसकों अशुद्धहैं असमर्थकों शुद्धहैं तिसतें यें सवजो आपको दोष लगातेहै सो देशकाल अवस्थाके अनु सारतें दोष निश्चेकर कहतेहैं बाल वृद्ध रोगीकों ये दोष नही होतेहै ॥ ११ ॥

CC-0. In Public Domain. Peerzada Sahib Collection. Digitized By eGangotri

इस प्रकार द्रव्यकी शुद्धि द्रव्यसें कहीहैं तहा वचनोंसें शुद्धिसें एकही प्रकारहैं द्रव्यकर शुद्धिसें बहुत प्रकारहैं सो कहतेहैं अन्न काष्ठ हाथीकादांत सूत्र रस तेल घृत आदि सुवर्ण अर मार्ग की कींच कलश इट्टां इन सबनाका कालकर वायुकर अगनी कर मृत्तिका कर जल कर जथा जोग्य शुद्धिहैं कही ये सब मिलकर शुद्धकरें कही अकेलेकरें तहांही जो काक अर चंडालादि नीचजातिकों सपरश भया होइ तिसकों देश अवस्था देख कर विचार करें तव शुद्ध होइ ॥ १२ ॥ औरवी शुद्धि कहतेहैं पीठ पात्र वस्त्र जो कुच्छ वस्तु तिसकों जो कुच्छ लगे तो काठ छिलाय शुद्ध होइ द्रव्यकी शुद्धि कहतेहां द्रव्य खटाई कर धोये शुद्ध होइ वस्त्र क्षारसें जहातक गंध और लेप उसकों छूटें तहातक धोवे तव शुद्ध होइ ॥ १३ ॥ द्रव्यकी कही कर्ताकी शुद्धि कहतेहैं स्नानदान तप अवस्था वाल्य कौमार वीजसंस्कार गायत्री उपदेश कर्म संध्या दीक्षादिक इतनें कर्मकर ब्राह्मण शुद्ध होइ तव कर्म करें और आत्माकी शुद्धि मेरे स्मरन कर होइ और प्रकार नहोइ देहकी शुद्धि इन संस्कारोंतें होइ सोई व्यवहारके निमित्तहीहैं विहित कर्म करें ॥ १४ ॥ अब मंत्रकी शुद्धि कहतेहैं सत गुरुके मुखतें सुनें पीछे तिस मंत्र जपे ज्ञान होइ सो मंत्रकी शुद्धिहोइ कर्म मेरेकों सब समरपें यह कर्म शुद्धहैं देशकाल द्रव्य कर्ता मंत्र कर्मये छे पदार्थ शुद्ध हैं तव धर्म शुद्ध होइ ये अशुद्ध हैं तो अधर्म होइ ॥१५॥ यह गुण दोष विभागका नियम नही सो कहतेहैं कही एक गुण दोष होताहैं गुण दोषहोताहैं अतिदोषहैं आपदामें गुणहैं जिसतें जीवनहोइ आपदा जाइ फेर धर्मकरें अर पराया धर्म उसीकों गुणहैं परंतु इसकों दोषहैं कुटुंवत्याग दोषहैं विरक्तकों दोषनही विधि कर किया जो त्यागहै सो गुणहै गुण दोषके लिये जो शास्त्रहै सो गुण दोषके भेदकों वांधेहैं ॥ १६ ॥

धान्यदार्वस्थितंतूनांरसतैजसचर्मणां कालवाय्वग्निमृत्तोयैःपार्थिवानांयुतायुतैः ॥ १२ ॥ अमेध्यलिप्तंयद्येन गंधलेपंव्यपोहति भजतेप्रकृतिंतस्यतच्छौचंतावदिष्यते ॥ १३ ॥ स्नानदानतपोवस्थावीर्यसंस्कारकर्मभिः मत्स्मृत्याचात्मनःशौचंशुद्धःकर्माचरेद्द्विजः ॥ १४ ॥ मंत्रस्यचपरिज्ञानंकर्मशुद्धिर्मदर्पणं धर्मःसंपद्यतेषड्भिरधर्मस्तुविपर्ययः ॥ १५ ॥ क्वचिद्गुणोपिदोषःस्याद्दोषोपिविधिनागुणः गुणदोषार्थनियमस्तद्भिदामेववाधते ॥ १६ ॥

